श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 169, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 18 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# एनडीए शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में

## आज दिल्ली में होगी बैठक, 38 दल बैठक में होंगे शामिल: नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले चिराग

**नई दिल्ली:** विपक्षी दलों की एकजुटता के लिए बेंगलुरु में चल रही बैठक के जवाब में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की कल अहम बैठक होगी। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि हमारे 38 सहयोगियों ने कल होने वाली एनडीए बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है। बता दें कि विपक्षी दलों की बैठक में 26 राजनीतिक दलों के इकट्ठा होने की खबर सामने आई है। ऐसे में एनडीए की बैठक को सत्ता पक्ष के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजबूत नेतृत्व देखा है, जिसकी कई लोगों ने सराहना की है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस भी बढ़ा है। पीएम ने कोविड-19 प्रबंधन में भी एक मिसाल कायम की है। पिछले 9 साल में एनडीए सरकार ने सुशासन का काम किया है और हम इस पर लगातार काम कर रहे हैं।

**चिराग ने की शाह से मुलाकात: लोक** जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के मुखिया चिराग पासवान सोमवार को दिल्ली पहुंचे। यहां वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर मौजूद है। कल यानी 18 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की अहम बैठक से पहले हो रही इस मुलाकात पर सियासी जानकारों की नजर बनी हुई है।

सूत्रों के मुताबिक, चिराग पासवान 2024 के आम चुनावों के लिए बिहार में अपनी पार्टी की लोकसभा सीटों की हिस्सेदारी को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस बैठक को भी उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री और बिहार से भाजपा के वरिष्ठ नेता नित्यानंद राय इससे पहले दो बार पासवान से मिल चुके हैं। दिवंगत दलित नेता और चिराग के पिता राम विलास पासवान के नेतृत्व में एलजेपी ने 2019 में छह लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था और भाजपा के साथ



सीट-बंटवारे की व्यवस्था के तहत उन्हें एक राज्यसभा सीट भी मिली थी। चिराग पासवान चाहते हैं कि उनकी पार्टी में टूट के बावजूद भाजपा उसी व्यवस्था पर कायम रहे।

संसद के मानसून सत्र और आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और विपक्ष के बीच अपने-अपने अगुवाई वाले गठबंधन का बड़ा दायरा दिखाने की रस्साकशी शुरू हो चुकी है। एक मंच पर आने की कवायद में सोमवार से दो दिनों के विपक्षी दलों के जुटान में 26 दलों के शामिल होने की चर्चा है। इसके जवाब में भाजपा मंगलवार को होने वाली राजग की बैठक में 30 दलों को जुटाएगी।

### बीते एक हफ्ते में छह नए दलों को जोड़ा

**विपक्ष** के मुकाबले राजग की बढ़ी ताकत दिखाने के लिए भाजपा ने बीते एक हफ्ते में छह नए दलों को जोड़ा है। राजग में पहले से ही 24 दल शामिल थे। इन छह नए दलों के जुड़ने के बाद राजग में शामिल दलों की संख्या 30 हो गई है। पार्टी सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में अकाली दल, तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), आरएलएसपी और जदएस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं किया जाएगा।

## 'राजनीतिक कलह' से ऊपर उठें सीएम एलजी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल सरकार की दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। पहली याचिका दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (डीईआरसी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर थी। दूसरा मामला दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ था। चीफ जस्टि डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा- दिल्ली सरकार और उप-राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर ऊफ्ळ के चेयरमैन का नाम तय करें। कोर्ट ने कहा- एलजी और मुख्यमंत्री दोनों ही संवैधानिक पदों पर हैं। इन लोगों को लड़ाई-झगड़े से ऊपर उठना चाहिए। दोनों साथ बैठें और ऊफ्ळ का नाम तय कर हमें बताएं। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ सुनवाई की। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा- यह मामला पांच जजों के संविधान पीठ को भेजना चाहते हैं। फिर संविधान पीठ तय करेगा कि क्या केंद्र इस तरह संशोधन कर सकता है या नहीं? हालांकि इस मामले में अभी तक फैसला नहीं हुआ है। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। कोर्ट तब तय करेगा कि अध्यादेश का मामला संविधान पीठ को भेजा जाए या नहीं।



### अध्यादेश पर केजरीवाल को कांग्रेस का समर्थन मिला

**उधर,** रविवार को कांग्रेस ने केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ संसद में आम आदमी पार्टी (आप) का समर्थन करने की घोषणा कर दी। आप ने कांग्रेस के इस फैसले का स्वागत किया है। 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक हुई थी, इसमें आप समेत 17 दल शामिल हुए थे। तब ज्यादातर दलों ने आप का समर्थन करने का ऐलान कर दिया था। हालांकि, कांग्रेस ने अपना पक्ष स्पष्ट नहीं किया था। तब बैठक में केजरीवाल ने कहा था कि कांग्रेस ने अगर अध्यादेश पर हमारा समर्थन नहीं किया तो हम विपक्ष की बैठक में नहीं आएंगे। विपक्ष की अगली बैठक 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होगी।

उप-राज्यपाल ने 21 जून को उमेश कुमार को डीईआरसी का चेयरमैन नियुक्त किया था। 4 जुलाई को इस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उमेश कुमार की शपथ ग्रहण पर रोक लगा दी थी।

**एलजी ने केजरीवाल को लिखा था खत, कहा- वीडियो कॉन्फ्रेंस से शपथ कराएं:** एलजी वीके सक्सेना ने शपथ ग्रहण के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उमेश कुमार का शपथ ग्रहण कराएं या फिर अरविंद केजरीवाल या उनका कोई मंत्री ये औपचारिकताएं पूरी करे।

### कुल्लू में बादल फटा, एक की मौत

**कुल्लू।** थाना कुल्लू के अंतर्गत काइस में बादल फटने से एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो घायल हुए हैं। घटना सोमवार सुबह सवेरे की है जब काईस गांव के कोटा नाला में बादल फट गया। बादल फटने से आई बाढ़ में जहां खेत खलियान ने गए। वहीं कई गाड़ियां भी बाढ़ के तेज बहाव में बह गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पाया कि बादल फटने से सड़क किनारे खड़ी बोलेरो कैंपर में सोये हुए चार लोग बाढ़ की चपेट में आ गए हैं जिसमें बादल शर्मा (28) पुत्र गणेश शर्मा गाव चन्सारी डाक घर बारी पधर तहसील।

## चंद्रयान-3 एक और ऑर्बिट ऊपर गया

### अगली तीन कोशिशों में चांद की कक्षा में पहुंच जाएगा, इसरो ने कहा- स्पेसक्राफ्ट सही कंडीशन में है

**बेंगलुरु:** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन के वैज्ञानिकों ने सोमवार को चंद्रयान-3 की दूसरी ऑर्बिट रेजिंग प्रोसेस सक्सेसफुली पूरी की। अब स्पेसक्राफ्ट 41603 डे ७ 226 डे ऑर्बिट में है। इसका मतलब है कि चंद्रयान-3 अब ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है जो पृथ्वी से सबसे करीब 226 डे और सबसे दूर 41,603 डे है। स्पेसक्राफ्ट की हेल्थ भी नॉर्मल है। कक्षा बढ़ाने के लिए अगली फायरिंग मंगलवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच प्लान की गई है। इसके बाद पृथ्वी के ऑर्बिट में दो बार और फायरिंग की जाएगी। स्पेसक्राफ्ट 31 जुलाई और




1 अगस्त की मध्यरात्रि को पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चंद्रमा की ओर बढ़ेगा। 5 तारीख को चंद्रमा की ग्रैविटी स्पेसक्राफ्ट को कैप्चर करेगी। 23 तारीख को ये चंद्रमा पर लैंड करेगा। चंद्रयान-3 में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे और 14 दिन तक वहां प्रयोग करेंगे। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा में रहकर धरती से आने वाले रेडिएशन्स का अध्ययन करेगा। मिशन के जरिए इसरो पता लगाएगा कि चांद की सतह पर कैसे भूकंप आते हैं। यह चंद्रमा की मिट्टी का अध्ययन भी करेगा।

**भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा:** अगर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता मिली यानी मिशन सक्सेसफुल रहा तो अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। अमेरिका और रूस दोनों के चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने से पहले कई स्पेस क्राफ्ट क्रैश हुए थे।

## उत्तराखंड : केदारनाथ मंदिर में अब मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित

**गुप्तकाशी।** उत्तराखंड में अब बाबा केदारनाथ धाम में अनर्गल वीडियो और रील बनाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी , क्योंकि केदारनाथ मंदिर के परिसर और गर्भगृह में कैमरा और मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके लिए मंदिर परिसर में साइन बोर्ड भी लगा दिए हैं। यही नहीं जल्द ही मंदिर में दर्शन के लिए ड्रेस कोड भी लागू किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि बाबा केदारनाथ का धाम लाखों तीर्थ



यात्रियों और श्रद्धालुओं की आस्था और आध्यात्मिक केंद्र है, ऐसे में कई देश-विदेश के युवा अपने इंस्टाग्राम और यूट्यूब को अधिक प्रचारित करने के उद्देश्य से केदारनाथ मंदिर के अगल-बगल और फ्रंट में अनर्गल वीडियो बनाकर वायरल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कई युवकों और युवतियों ने एक दूसरे को प्रपोज करने के उद्देश्य से इस तरह की वीडियोग्राफी की। केदारनाथ धाम की प्रसिद्धि के कारण यह न्यूज और अन्य वीडियोज वायरल भी हो जाते हैं, लेकिन अब समिति ने मंदिर परिसर में कैमरा और मोबाइल ले जाने को प्रतिबंधित कर दिया है। ताकि कोई भी इस तरह का कृत्य न कर सके। अगर कोई भी ऐसा करेगा तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी।

## ड्रग माफिया पर नकेल कसने के लिए राज्यों को अधिक अधिकार दिए जाएं : सुक्खू



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ड्रग माफिया से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्यों को अधिक अधिकार देने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त ड्रग माफिया पर प्रभावी ढंग से नकेल कसने के लिए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टांसिस (एनडीपीएस) अधिनियम में संशोधन की भी आवश्यकता है। सुक्खू ने सोमवार को शिमला में वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में दिल्ली में ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने नशीली दवाओं के तस्करों की संपत्ति जब्त करने के लिए एनडीपीएस अधिनियम में एक प्रावधान जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हिमाचल प्रदेश से प्रवर्तन निदेशालय को नशीली दवाओं से संबंधित स्थानांतरित किए गए 10 मामलों में प्रगति धीमी रही है। ऐसे में उन्होंने जब्त करने की शक्तियां राज्यों को सौंपने को कहा। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं से संबंधित अपराध में सजा 5 वर्ष से बढ़ाकर आजीवन कारावास की जाए और नशीले पदार्थों की मात्रा की परवाह किए बिना इस अपराध को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाने के साथ-साथ पांच लाख जुमार्ने और संपत्ति जब्त करने का प्रावधान भी किया जाए। उन्होंने नशीली दवाओं के अत्याधिक सेवन से होने वाली मौतों को रोकने के महत्त्व पर बल दिया और इस संबंध में अधिनियम में आवश्यक बदलाव करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से प्रदेश के कुल्लू जिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का क्षेत्रीय कार्यालय और आधुनिक हाई-टेक जेल स्थापित करने का भी आग्रह किया।

## भाजपा में शामिल हुए दारा सिंह चौहान

**लखनऊ:** पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में दारा सिंह चौहान को पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे। दारा सिंह चौहान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी हिन्दुस्थान के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। जिस तरह की हलचल पूर्वांचल में है उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में जायेंगी। उन्होंने कहा कि जब नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन जाते तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

हमारे एक-एक कार्यकर्ता भाजपा को जिताने और मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए काम करेंगे। दारा सिंह चौहान ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में गरीब कल्याण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से देश की कोई ताकत नहीं रोक सकता।

### ड्रग तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा विषयक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ

## मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति: योगी

**लखनऊ: केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सोमवार को ड्रग तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा विषयक क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, गोआ, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, लक्ष्यद्वीप, चंडीगढ़ आदि राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, और मुख्यमंत्रियों की वर्चुअल उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस सम्मेलन को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि



मादक पदार्थों से न केवल देश की युवा पीढ़ी का नुकसान हो रहा है, बल्कि यह समाज व राष्ट्र की भी क्षति कर रहा है। इसलिए इन पर प्रभावी रोक लगाया जाना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं गृह एवं सहकारिता मंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनायी है। नशा मुक्त भारत बनाने की भारत सरकार की कटिबद्धता में पूरा सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार तत्पर है। आज इस क्षेत्रीय सम्मेलन के मौके पर आप सभी की वर्चुअल उपस्थिति में उत्तर प्रदेश राज्य में कुल 984 अभियोगों के तहत कुल 4146.75 किलोग्राम मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया है।

### बीते 12 घंटे में डेढ़ गुना बढ़ा नदियों का जलस्तर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काली नदी से लेकर कृष्णा नदी और गंगा-यमुना नदियों के किनारे बसे गांवों और शहरी इलाकों में बाढ़ की तबाही के लिए आगे बढ़ रहा

# अब यूपी में बाढ़ का खतरा !

**लखनऊ/मथुरा: जैसे**-जैसे दिल्ली में बाढ़ के पानी का स्तर कुछ कम होता जा रहा है, वैसे-वैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर यूपी के अन्य शहरों में बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। यह खतरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काली नदी से लेकर कृष्णा नदी और गंगा-यमुना नदियों के किनारे बसे गांवों और शहरी इलाकों में बाढ़ की तबाही के लिए आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत, बदायूं, मथुरा, आगरा समेत कई जिलों में बाढ़ का पानी बहुत तेजी से ऊपर बढ़ रहा है। सोमवार दोपहर बारह बजे तक के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना, काली और कृष्णा नदी में जलस्तर खतरे के निशान से



बीते 12 घंटे में लगभग डेढ़ गुना बढ़ गया है। बाढ़ के खतरे के आगाह करते हुए संबंधित जिलों को सतर्क किया गया है।

**बीते 12 घंटे में नदियां खतरे के निशान से ऊपर पहुंचीं:** ंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित बाढ़ पर नजर रखने वाले महकमे के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में नदियों के जलस्तर में भारी प्रवाह बना हुआ है। बीते 12 घंटे के भीतर बागपत के शेखपुरा इलाके में कृष्णा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से डेढ़ गुना (डेढ़ मीटर) ऊपर चला गया है। इस वजह से बागपत समेत आसपास के कई इलाकों में नदी का पानी भरना शुरू हो गया है। इसी तरह मुजफ्फरनगर के रतनपुर इलाके में काली नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक काली नदी का जलस्तर भी बीते 12 घंटों के भीतर बहुत तेजी से खतरे के निशान से काफी ऊपर पहुंच चुका हैं।

## सीमा हैदर पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**ग्रेटर नोएडा:** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर को सोमवार को एटीएस की टीम अपने साथ लेकर गई। सचिन को भी पूछताछ के लिए एटीएस की टीम साथ लेकर गई है। हाईटेक तकनीक से सीमा से अळर पूछताछ करेगी।

**सीमा पर आईएसआई एजेंट होने का शक:** पुलिसकर्मियों ने पहले गली के दोनों तरफ का रास्ता रोका और उसके बाद सीमा हैदर को बाहर निकालकर लेकर गए। वहीं घर के लोग दरवाजा बंद कर अंदर है। पाकिस्तान के कराची से नेपाल के रास्ते नोएडा पहुंचने वाली सीमा हैदर पर आईएसआई का एजेंट होने का शक है।



**सीमा हैदर को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सजग:** बता दें कि पुलिस टीम और सुरक्षा एजेंसियां सीमा हैदर के मामले को लेकर पूरी तरह से सजग हैं। हाल ही में पाकिस्तानी जासूस होने की आशंका में सीमा को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# सावन दूसरा सोमवार : हर हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक

**खबर संक्षेप**

## जिला अपराध निरोधक कमेटी की टीम मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे

**नैनी।** नैनी में सावन के दूसरे सोमवार को जिला अपराध निरोधक कमेटी की यमुना नगर यूथ टीम पूरे जोश के साथ भोले बाबा भक्तों की सेवा में शूलटंकेश्वर महादेव और सोमेश्वर नाथ महादेव मैं अपनी सेवा में प्रशासन के साथ सुबह 4:00 बजे से लगी हुई है जिसमें शिव भक्तों को जल चढ़ाने पूजा पाठ करने में कोई दिक्कत ना आए इसमें प्रशासन भी अपनी पुलिस टीम को लेकर सेवा में तैनात रही जिसमें प्रशासन की ओर से अरेल चौकी प्रभारी परमानन्द एसआई शालिनी सिंह एसआई अमित कुमार सिंह एसआई धीरेंद्र पांडेय एसआई सुरेंद्र सिंह एसआई अमित कुमार अपने पुलिस बल के साथ तैनात रहे इसी सेवा में यमुनानगर यूथ टीम डी सी पी सी की और से सुजीत कुमार गौतम अरविंद दुबे प्रफुल्ल केसरवानी आदि सदस्यगण यमुनानगर यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के नेतृत्व में सेवा में उपस्थित रहे।

## जयकारों की गूंज के बीच भोर से ही मनकामेश्वर धाम में लोगों ने शुरू कर दिया जलाभिषेक

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** क्षेत्र के मनकामेश्वर धाम में सावन के दूसरे सोमवार को बोलबम का जयकारा लगाते हुए शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया।लालापुर क्षेत्र का सबसे प्राचीन मंदिर है मनकामेश्वर धाम। पहाड़ के बीच में स्थित भगवान भूतेश का शिवलिंग अद्वितीय है। हर वर्ष सावन के पवित्र माह में लालापुर के मनकामेश्वर धाम में शिव भक्तों की भारी भीड़ रहती है।प्रयागराज, चित्रकूट, कौशाम्बी, रीवा सहित कई जिलों के भक्त सावन में मनकामेश्वर धाम आते हैं और पूजा अर्चना करते हैं।मनकामेश्वर धाम में शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया जाता है।सावन माह में भगवान भूतेश को जल अर्पित करने के लिए शिव भक्तों द्वारा प्रयागराज के संगम नगरी से गंगाजल कावंड़ में लेकर पैदल यात्रा करते लालापुर के मनकामेश्वर धाम में जलाभिषेक किया जाता है। मान्यता है कि सावन महीने मे जो भक्त भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर लेता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है।भगवान शिव को मानने वाले सावन के महीने में कांवड़ यात्रा लेकर जाते हैं और उन पर जल चढ़ाते हैं। धार्मिक शास्त्रों के मुताबिक भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग पर गंगा जल चढ़ाने की परंपरा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है। ये जल एक पवित्र स्थान से अपने कंधे पर ले जाकर भगवान शिव को सावन के महीने में अर्पित किया जाता है। इस यात्रा के दौरान भक्त बोलबम के नारे लगाते हुए पैदल यात्रा करते हैं।कहा गया है कि कांवड़ यात्रा करने वाले भक्तों को अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य मिलता है।इस दौरान मनकामेश्वर धाम में ग्राम प्रधान लालापुर शंकरलाल पाण्डेय के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लालापुर पुलिस मौजूद रही।

## कर्ता करे न कर सके, शिव करे सो होय, तीन लोक नौ खंड में शिव से बड़ा न कोय





**प्रतापपुर।** पवित्र सावन माह के द्वितीय सोमवार को नर्मदेश्वर धाम पंडरी बरेस्ता कलां मंदिर में भक्तों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक दर्शन पूजन-अर्चन किया।शिवलिंग पर गंगा जल, दूध, दही, अक्षत, मिष्ठान, फल, फूल जैसे कई द्रव्यों से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी तीरथ देवी, राजेश पांडेय, मनीष पांडेय, श्याम बिहारी पांडेय, अजीत कुमार पांडेय, धर्मेंद्र पाठक, दिलीप पाठक डीपी, मनोज पाठक, विनय कुमार दुबे, अंबिका प्रसाद पांडेय, वीरेंद्र नाथ पाठक, राजेंद्र प्रसाद पाठक, प्रदीप पांडेय डब्बू, दारा पांडेय, महेंद्र पांडेय, अमित पाठक, शुभम पाठक, रविंद्र कनौजिया, विपिन यादव, बलवंत यादव सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## कुंदौरा महादेव एवं चंद्रमौलेश्वर महादेव चनेथू में भक्तों ने किया जलाभिषेक



**जंघई।** सावन माह के दूसरे सोमवार को विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना किया।कुंदौरा महादेव एवं चंद्रमौलेश्वर महादेव धाम चनेथू में जलाभिषेक के लिए भारी संख?या में श्रद्धालु आये।कुंदौरा महादेव धाम में भोर से ही लाइन में लग कर श्रद्धालु जलाभिषेक करते रहे मंदिर के मुख्य गेट तक काफी संख्या श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शिवलिंग पर जल, दूध, दही, अक्षत, मिष्ठान, फल, फूल जैसे कई द्रव्यों से अभिषेक करने के साथ आराधना की गई।कुंदौरा महादेव मंदिर में सभी श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकें और व्यवस्था बेहतर बनी रहे इसके लिए सरायममरेज एसएचओ योगेश सिंह द्वारा व्यापक रूप से व्यवस्था की गई थी। जिसमें महिला एवं पुरुष कांस्टेबल होमगार्ड के जवान सहित तमाम लोग कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा में लगे रहे एवं मेला परिसर में जगह जगह तैनात रहे। सावन माह का विशेष महत्व है इस माह सोमवार को जलाभिषेक करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं इसलिए श्रद्धालु सोमवार को भगवान शिव को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करने के साथ उनकी विशेष आराधना करते हैं।

## पीपल की पूजा कर व्रती महिलाओं ने लगाई फेरी



**सहसों।** सोमवती अमावस्या के दिन सुहागिन महिलाओं ने पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की तथा कच्चे सूत से फेरी लगाकर पति के दीघार्यु की कामना की। सोमवार के दिन सुहागिन महिलाओं ने भोर में ही स्नान के बाद स्वच्छ कपड़े पहन कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। सोमवती अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ की पूजा का बहुत ही महत्व है। सुहागिन महिलाओं ने पीपल के पेड़ में फूल माला चूड़ी बिंदी, फल मेवा के साथ भोग लगाकर पूजा अर्चना की। पूजा पाठ के पश्चात महिलाओं ने कच्चे सूत से फेरी लगाकर पति के दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर आचार्य दिनेश चन्द्र शास्त्री ने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन सुहागिन महिलाएं यदि पीपल के पौधे की पूजा श्रद्धा के साथ पूरे मन एवं आस्था से करती हैं तो पति के दीघार्यु के साथ घर में सुख समृद्धि के सहित मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

# चोरी की मोटर साइकिल संग चोर गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। इसके अलावा एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक समीपवर्ती जनपद रींवा (मध्य प्रदेश) के सोहागी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एसआई संतोष कुमार सिंह और ऋतुराज सिंह की टीम ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर यह गिरफ्तारी क्षेत्र के मौहरिया तालाब के पास से की गई है। धरे गए अभियुक्त अतुल सिंह उर्फ गोलू सिंह उर्फ विधायक पुत्र पद्माकर सिंह (निवासी परसादा, अतरैला, मझगवां, सोहागी, रीवा) के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बाइक बिना नंबर प्लेट की है। इसके अलावा एक तमंचा और कारतूस भी मिला है। सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी का चालान भेज दिया गया है। अभियुक्त अतुल सिंह के खिलाफ प्रयागराज जनपद के शंकरगढ़ थाने में पांच, घूरपुर और औद्योगिक क्षेत्र थाना में एक-एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल मनोज कुमार सिंह, प्रभु नारायण पांडेय, दीप कुमार भी शामिल रहे।

## चोरी की बाइक व बकरी के साथ एक व चोरी के समान के साथ एक अन्य गिरफ्तार

**लालापुर।** लालापुर पुलिस ने चोरी की दो अलग अलग घटनाओं के दो आरोपियों को चोरी की बकरी ,बाइक व अन्य सामान के साथ दो चोरों को पकड़ कर जेल भेजा है। लालापुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक बकरी चोरी करने के आरोपी मुकेश विश्वकर्मा निवासी नेवादा थाना मऊआइमा व घूरपुर थाना क्षेत्र के खटगिया निवासी अमन भारतीय को चोरी की बकरी व उसमें प्रयुक्त बाइक के साथ पकड़ लिया । इसी तरह लालापुर में चोरी करके भाग रहे राकेन्द्र धरिकार शंकरगढ़ को चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया। तीनो आरोपियों के खिलाफ चोरी की धारा में केस दर्ज कर सोमवार को जेल भेजा गया।





# मनाया गया भूजल सप्ताह

**जसरा।** विकास खंड जसरा परिसर में ब्लाक अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भूजल सप्ताह मनाया गया है। बैठक का आयोजन रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को एक एक बूंद पानी को बचाने के दिए शपथ दिलाई गई। एडीओ आईएसबी विज्ञान प्रभाकर शुक्ल ने कहा कि वर्षा जल संचयन के लिए समाज के प्रत्येक लोगों को आगे आना होगा` घर से लेकर वार्ड/ग्रामपंचायत स्तर तक सबको साथ मिलाकर सार्थक प्रयास करना होगा` जल ही जीवन है,जल है तो कल है। इस मूल मंत्र के साथ जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना पड़ेगा` जल श्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए उसके आस पास सफाई रखने के लिए स्वयं को प्रयास करना पड़ेगा साथ ही ग्रामीणों को घर घर जाकर इसके प्रति प्रोत्साहित करना होगा` बाद में सभी लोगों ने जल संचयन को लेकर शपथ लिया । इस मौके पर एडीओ सी राकेश सिंह,यशवंत सिंह,नीलकमल,नितेश पाल,विनोद कुमार, रीतू सिंह, बोरिंग टेक्नीशियन रवीन्द्र रजक,हसनैन सिद्दीकी, राकेश कुमार तुलसीराम यादव सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## वृक्षारोपण के लिए संस्था ने किया लोगों को जागरूक

**सहसों।** युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाएटी सहसों द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्रामीणों को निःशुल्क पौधा वितरित किया गया एवं वृक्षारोपण महत्व के बारे में बताते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने कहा कि पेड़ पौधे और पानी हमारे जीवन के आधार हैं इसके बिना पृथ्वी पर किसी भी जीव का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के लिए प्रत्येक मनुष्य को प्रथम प्राथमिकता देनी चाहिए बारिश का मौसम पौधरोपण के लिए सबसे उत्तम समय होता है। मनुष्य को चाहिए कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण कर वायुमंडल को अनुकूल बनाने में अपना योगदान दें जिससे भावी पीढ़ी भी शुद्ध वायु , स्वच्छ जल, स्वस्थ शरीर के साथ जीवन यापन कर सकें। इस अवसर पर संस्था द्वारा वृक्षारोपण भी किया किया। जागरूकता अभियान टीम में मुख्य रूप से योगेंद्र प्रताप सिंह, राजेश यादव, नीरज पांडे, फूलचन्द्र, पंकज सिंह, गोलू केसरवानी, सुनील आलोक आदि शामिल रहे।

**न्यूज झरोखा**

## जल है तो कल है : प्रदीप अवस्थी



**मेजा।** ब्लाक परिसर मेजा में जेई (एमआई) प्रदीप अवस्थी की अध्यक्षता में भूगर्भ जल सप्ताह मनाया गया।ब्लाक के कर्मचारियों द्वारा भू जल को बचाने कि शपथ ली गई।आपको बताते चलें कि 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूगर्भ जल सप्ताह के तहत कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक कर्मचारियों ने भूगर्भ जल को बचाने कि शपथ ली।जल संरक्षण हेतु जागरूक करते हुए "जल है तो कल है" के साथ जल बचाने का संकल्प लिया।इस दौरान जेई प्रदीप अवस्थी ने कहा कि भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह पृथ्वी से पानी का अधिक दोहन होने के कारण घटते जल स्तर से असंतुलन पैदा हुआ है। जिसको सामूहिक प्रयास से ही पृथ्वी की प्यास को बुझाया जा सकता है। पृथ्वी पर जल है तो जीवन है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पृथ्वी की प्यास बुझे तभी हम सभी को पानी मिल सकेगा।बोरिंग टेक्नीशियन राजेश तिवारी ने कहा कि अधिक से अधिक वाटर हार्वेस्टगि प्लांट,पिट,तालाब, पोखर,कुएं के साथ ही जल के विभिन्न श्रोतों के माध्यम से वर्षा जल संचयन कर भू जल को पूरा करने की आवश्यकता है।इस मौके पर विकास खंड के अधिकारी,कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सांसद प्रमोद तिवारी का जन्म दिन धूमधाम से मनाया





**करछना।** राज्य सभा में बिपक्ष के उपनेता व सांसद प्रमोद तिवारी का जन्म दिवस कांग्रेसियों की ओर से करछना में धूम धाम से मनाया गया करछना में ब्लाक व जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पूजा पाठ के बाद शंखनाद कर अपने अजेय प्रिय नेता का जन्म दिवस मनाया इस अवसर पर उतर प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी ने माननीय प्रमोद तिवारी के लम्बी उम्र की कामना करते हुए सभी को हार्दिक बधाई दिया डा दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि राज्य सभा सांसद आदरणीय प्रमोद तिवारी ने प्रदेश वासियों के लिए जनहित में बहुत से कार्य किए कांग्रेस पार्टी की मजबूती पद्रेश व देश की खुशहाली के लिए तिवारी जी निरंतर प्रयास रत रहते हैं ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पक ाश पाण्डेय ने संचालन करते हुए उपस्थित कार्यकताओं व अन्य गणमान्य लोगों को मिष्ठान खिलाया इस अवसर पर रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष विद्याधर मिश्र एडो विवेक पांडेय वरिष्ठ कांग्रेसी विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट सरोज मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष शारदा प्रसाद गुरु चरण मास्टर आशीष कुमार मिश्र राजेश तिवारी अमर नाथ यादव सुदर्शन सिंह नागेश पांडेय संजय शुक्ल एडवोकेट कौशलेंद्र गौड़ ।राज कुमार पटेल दरोगा जी राकेश पटेल अकबाल बहादुर कुशवाहा

# मुकदमा न दर्ज करना पुलिस को पडा भारी

अखंड भारत संदेश

**थाना प्रभारी, एसआई व विपक्षी पर न्यायलय के आदेश पर मुकदमा दर्ज, मऊआइमा के घीनपुर रजवापुर गांव में 15 फरवरी 2021 का है मामला**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के घीनपुर रजवापुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर लाठियों से मार पीट कर घायल कर दिया गया था।पुलिस ने पीड़ित को थाने भगा दिया गया था।और अधिकारियों को गलत सूचना दी गई। जिसपर भुक्त भोगी ने न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई ।न्यायालय के आदेश पर थाना प्रभारी ,हल्का एस आई और विपक्षी के खिलाफ मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा के घीनपुर रजवापुर गांव निवासी मोहर्रम अली पुत्र रफीक अली का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी 15 फरवरी 2021 को उसके भांजे सरफराज अली को लाठियों से पीट कर घायल कर दिए थे।जान से मारने की धमकी भी दिए थे।मोहर्रम अली का आरोप है कि तमाम डाक्टरी होने के बाद भी मुकदमा नहीं दर्ज किया गया और अधिकारियों के यहां लिखित तहरीर दी। परन्तु गलत रिपोर्ट देने के कारण कोई सुनवाई नहीं हुई। न ही मुकदमा दर्ज किया गया। मोहर्रम अली ने मामले को लेकर न्यायालय में इंसाफ की गुहार लगाई।न्यायालय ने दो साल तीन माह सुनवाई के बाद मुकदमा दर्ज करने का आदेश मऊआइमा थाने को दिया। मऊआइमा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन थाना प्रभारी चन्द्रभान सिंह जो मऊआइमा थाने में दो माह चार महीने ही चार्ज पर थे। और थाने के हल्का एस आई अभयचन्द्र तथा विपक्षी महताब अली, हाफिज अली ,अरमान अली ,अरसान अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## लालापुर पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लालापुर।** पुलिस ने थाना स्थानीय में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित वारंटी अभियुक्त बोदे उर्फ गोरे पासी पुत्र रघुराज पासी, निवासी ग्राम घूरी, थाना लालापुर प्रयागराज को थाना लालापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घूरी से गिरफ्तार किया गया । तथा दूसरा वारंटी अभियुक्त इन्द्रपाल निषाद पुत्र सूरजदीन निषाद, निवासी ग्राम प्रतापपुर थाना लालापुर, प्रयागराज व चन्द्रपाल निषाद पुत्र सूरजदीन निषाद निवासी ग्राम प्रतापपुर थाना लालापुर, प्रयागराज को थाना लालापुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम प्रतापपुर से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गयी। बता दें कि लालापुर थानाध्यक्ष अजय मिश्रा ने जब से लालापुर थाने का चार्ज संभाला है तब से अपराधियों में डर का माहौल है।लालापुर के तेज तर्रार थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में किसी से डरने की कोई जरुरत नहीं है, अपराध एवं अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भावी शिक्षक अपनी प्रतिभा से राष्ट्र को नई दिशा दें : प्रो. राजीव मालवीय

अखंड भारत संदेश





**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में बीएड द्वितीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम में सम्मिलित पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने किया। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था के तत्वावधान में प्रशिक्षक धर्मेंद्र विश्वकर्मा के देख रेख में अनिवार्य इंट्रोइक्टरी कोर्स ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। स्काउटिंग गाइडिंग के आधार भूत तत्व, स्काउटिंग गाइडिंग की उत्पत्ति और प्रसार, विभिन्न शाखाएं नियम प्रतिज्ञा, झंडा गीत आदि के साथ साथ विभिन्न प्रकार की तालियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने भावी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के बारे में जानकारी प्राप्त होना और समाज की समस्याओं में कैसे योगदान देना है उसके बारे में बताया जा सके इसलिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।जिससे भावी शिक्षक अपनी योग्यता से छात्र, छात्राओं, अभिवावकों तथा समाज में अपनी प्रतिभा से राष्ट्र एवं समाज को नई दिशा दे सकें।प्रशिक्षण शिविर में सर्वप्रथम ध्वज शिष्टाचार के बारे में जानकारी दी गई जिसके बाद स्काउट गाइड का शिक्षण सत्र प्रारंभ कराया गया, जिसमें वर्दी इतिहास, शिविर नियम तथा प्राथमिक चिकित्सा और आयु के अनुसार वर्गीकरण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष बीएड डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, नीरज श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार मिश्र, नीरज कुमार एवं बीएड द्वितीय सेमेस्टर के समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## कावड़यात्रा व मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**उतरांव।** कांवड़ यात्रा एवं आगामी मोहर्रम के त्योहार को लेकर रविवार को सायंकाल उतराव थाना परिसर में थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित हिंदू- मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सावन मास चल रहा है जिसको लेकर हर साल की तरह कांवडियां थाना क्षेत्र के लोग रोड से होकर विभिन्न तीर्थ स्थलों में जलाभिषेक एवं पवित्र गंगा नदी में जल भरने के लिए जाएंगे जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने कहाकि मोहर्रम का त्यौहार नजदीक आ गया है जिसको लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग तैयारियों में जुट गये हैं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि उतराव थाना क्षेत्र हमेशा गंगा- जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता रहा है। यहां हिंदू- मुस्लिम समुदाय के लोग हमेशा हिल मिलकर त्योहार मनाते हैं।सभी से अपेक्षा है कि हमेशा की तरह आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ इस बार भी हिल मिलकर त्यौहार मनाएंगे। यदि किसी प्रकार के अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयत्न करते हैं तो उसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। सुल्तान सिद्दिकी,विपिन प्रधान कहरा, इस्तेखार प्रधान, दिलशाद, सरफराज, मोहम्मद इरशाद,पप्पू प्रधान घाटूपुर, नजम, मनोज पटेल,मनीष सोनी, चंदन, सोमनाथ मौर्य,जितेंद्र कुशवाहा, रामदीन प्रधान नागेंद्र सिंह चच्चू, ध्यान सिंह पूर्व प्रधान, जगतपुर राजू प्रधान,बेलाल अहमद प्रधान पति,आदि लोग उपस्थित रहे।

# शासन के मंशानुरूप योजनाओ को धरातल पर लाना ही प्राथमिकता : ओम प्रकाश

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** शासन के मंशा अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचना ही हमारी प्राथमिकता होगी उक्त उदगार नवागंतुक खण्ड विकास अधिकारी मेजा प्रेसवार्ता के दौरान व्यक्त किये उल्लेखनीय है कि पूर्व में बलिया, महाराज गंज बतौर खण्ड विकास अधिकारी तैनात रहे सन 2016 बैच के ओम प्रकाश गुप्ता को वर्तमान में विकास खण्ड मेजा की कामन सौपी गयी हैं जिसके परिपेक्ष्य मे सोमवार को एक प्रेस वार्ता में उन्होने कहा कि किसी भी योजना के लाभ के लिए ब्लाक के किसी कर्मचारी,प्रधान एव विचौलिए को कोई पैसा न दे लाभार्थी अपने काम के लिए स्वयं मेरे पास आ सकते हैं या फिर अपनी समस्याए मेरे सरकारी नंबर 9454464551 पर बता सकते है उनकी समस्याओं का समाधान अवश्य किया जायेगा ।उन्होंने अपने मातहत कर्मचारियो को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि वे अपनी अपनी ग्राम पंचायतों में ईमानदारी पूर्वक कार्य करे। भ्रष्टाचार एव किसी को नाजायज परेशान करने की शिकायत न मिले उनका मनाना है कि यदि इस प्रकार की कोई शिकायत किसी भी ग्राम पंचायत से आती है तो सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी को किसी भी कीमत पर बक्शा नही जायेगा। इतना ही नहीं बीडीओ मेजा ओम प्रकाश गुप्ता ने यह भी अपील करते हुए कहा है कि जिन लोगो का नाम आयुष्मान कार्ड सूची में दर्ज है यदि उनका आयुष्मान कार्ड नही बना है तो ऐसे लोग पंचायत सहायक से मिलकर आयुष्मान कार्ड बनवा ले और बीमारी की विशेष परिस्थितियों में योजना का लाभ उठाये गौरतलब है कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओ को धरातल पर निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक लाने के वावत चर्चित रहें नवागंतुक खण्ड विकास अधिकारी मेजा मे अपने संदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि शासन के मंशा अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रता की श्रेणी में आने वाले लाभार्थियों तक पहुंचना ही प्राथमिकता है।

## छोटी नदी सेवटी के सुद्दढ़ किए जाने हेतु प्रधान गण प्रस्ताव दें : धीरेंद्र सिंह यादव

**कोरांव।** ग्राम प्रधानों के द्वारा की गई मांग के अनुरूप सेवटी नदी को लपरी नदी की भांति सुद्दढ़ किए जाने हेतु प्रस्ताव मांगा है। बीडीओ कोराव धीरेंद्र सिंह यादव ने ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल शहजादे द्वारा सेवटी नदी को मनरेगा से सुद्दढ़ किए जाने हेतु मांग किया। जिस पर उक्त नदी के जिन ग्राम पंचायतों के क्षेत्र में नदी का क्षेत्रफल आता है वहां के प्रधानों से प्रस्ताव मांगा है। जिससे अनुमति दिलाई जा सके।

**अवैध शराब के साथ महिला पुरुष धराए : मऊआइमा।** अवैध शराब गैलेन में ले कर बेचने जा रहे एक महिला एक पुरुष को पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर पकड़ कर दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विश्वम्भरपुर में गश्त पर निकली पुलिस की निगाह एक महिला पर पडी दोनों अपने अपने हाथों में कच्ची शराब की गैलेन लिए हुए थे। तभी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम रामसिंह पुत्र स्वर्गीय मक्कू, कमला देवी पत्नी स्वर्गीय रामदास बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्ययवाही की है।

## शुआट्स में स्नातक विषयों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रारम्भ

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग सोमवार से प्रारम्भ हुई। प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो डा जोनाथन ए लाल ने विश्ववद्यालय के 112 वर्ष पुराने इतिहास एवं उपलब्धियों को बताते हुए कहा आप सब शुआट्स में अपना कैरियर बनाने आए हैं, आप गुणवत्तापरक शिक्षा, तकनीक, अनुसंधान के साथ-साथ सदाचार, अनुशासन के उच्च स्तरीय शैक्षिक वातावरण का अनुभव करेंगे। आप गुरूजनों की शिक्षा को गम्भीरता के साथ ग्रहण करें, लगन से अध्ययन करें आपको निश्चित सफलता मिलेगी। सभी विभागों के लगे काउंटर पर विशेषज्ञों ने छात्रों को कैरियर, प्लेसमेंट आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी व उनके कैरियर को चुनने में परामर्श दिया। फोरेंसिक साइंस विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक से पारदर्शितापूर्ण काउंसिलिंग में सहयोग किया गया। डीन छात्र कल्याण, सुरक्षा समिति, प्रॉक्टोरियल बोर्ड, वार्डेन समिति, एन्टी रैगिंग सेल ने छात्रों के अभिभावकों को उनके बच्चों की काउंसिलिंग में सुचारू प्रतिभागिता हेतु सहयोग दिया। चेयरमैन प्रवेश परीक्षा और एडमीशन डॉ. सी. जॉन वेस्ली के अनुसार प्रथम दिन काउंसिलिंग में सभी क्रिश्चियन अभ्यार्थियों के साथ मेरिट क्रमांक 001-200 तक के सामान्य छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो० रानू प्रसाद, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो० एंथोनी जोसेफ राज, कार्यवाहक निदेशक प्रशासन संजय फिलिप दास, जनसंपर्क अधिकारी डॉ रमाकांत दुबे, विश्वविद्यालय चैपलिन लालचुंग गांगते आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण भण्डारा का किया शुभारम्भ

## पौधरोपण किया गया वितरित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कम्पनी गार्डेन (शहीद उद्यान पार्क) में जनसामान्य को पौध वितरण कर वृक्षारोपण भण्डारा का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रमोद सिंह एवं अवधेश उपाध्याय को अमरूद, आंवला, जामुन, अनार के पौधों को वितरण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने भी जनसामान्य को पौधों का वितरण किया।



लोगों को पौधा वितरित करते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील करते हुये कहा कि जो भी पौधे लगाये उसकी सुरक्षा एवं देखभाल अवश्य करें, समय-समय पर पौधों को पानी देते रहे। उन्होने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाये रखना जरूरी है, बढ़ते प्रदूषण से बचाव को लोकर हमें बड़े पैमाने पर पौधों को लगाने की आवश्यकता है। पृथ्वी में जितने ज्यादा पेड़ पौधे होगें उतनी ही धरती पर हरियाली और खुशहाली बनी रहती है। पेड़ वातावरण को शुद्ध करने का काम करता है। वृक्षारोपण भण्डारा में अधिक से अधिक जनसामान्य एवं मीडिया बन्धुओं ने जामुन, आंवला, अनार, बेल, अमरूद, करौंदा के पौधे प्राप्त किये। वृहद वृक्षारोपण अभियान के कार्यक्रम के दृष्टिगत कम्पनी गार्डेन (शहीद उद्यान पार्क) में 17 जुलाई से 21 जुलाई तक चलने वाले वृक्षारोपण भण्डारा में जनसामान्य को पौधों का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम अचल कुरील व नगर पालिका परिषद के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एक आवाज उत्पीड़न के खिलाफ अभियान का हुआ आयोजन

## जीपीएस इंटर कालेज में दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के गोडे गाँव में स्थित जी पी एस इंटर कॉलेज में सोमवार को अद्विता फाउंडेशन की तरफ से एक आवाज उत्पीड़न के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसका संचालन अद्विता फाउंडेशन की संस्थापिका आकांक्षा सिंह ने पुलिस विभाग की महिला पुलिसकर्मियों के सहयोग से किया।

जी पी एस इंटर कॉलेज में पढ़ रहे छात्र छात्राओं के साथ सड़क उत्पीड़न पर यह सत्र आयोजित किया गया जिसमें हिंसा, छेड़छाड़, बायस्टेंडर इंटरवेंशन के 5 क्यू फॉमूर्ला इत्यादि को बताया गया। इस अभियान





जीपीएस इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

का उद्देश्य ही किशोरियों को आत्मनिर्भर तथा निर्भय बनाने का है,ताकि वो डरकर नहीं डटकर असामाजिक लोगों का सामना कर सकें। एक सर्वे फॉर्म में सवालों के जरिए भी इस पर जोर दिया गया तथा सत्र का समापन शपथ के साथ किया गया। महिला कांस्टेबल सानू पाल तथा पुरुष कांस्टेबल वीरेंद्र यादव एवं सुनील कुमार गुप्ता ने कानूनी प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया तथा मिशन शक्ति के पैंपलेट के माध्यम से महिला एवं बाल हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने वीडियो के माध्यम से इस सेशन की महत्वता को बताया। इस कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर बृजभान सिंह एवं शिवेंद्र सिंह के साथ अद्विता फाउंडेशन की प्रशिक्षिका शुभम मिश्र, शुचिता सिंह सुरभि सिंह मौजूद रहीं।

# संचारी व विषाणु जनित रोगों के मामलें में न बरती जाए लापरवाहीः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कैम्प कार्यालय सभागार में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग अभियान एवं 17 जुलाई से 31 जुलाई 2023 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के सम्बन्ध विभागों द्वारा अब तक किये गये कार्यो की जानकारी ली और कहा कि संचारी व विषाणु जनित रोगों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुये जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाये। उन्होने कहा कि स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फागिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किये जाये, तालाबों, नालों एवं नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोटे अनाज का प्रयोग करें महिलाएंः प्रेमलता

## महिला मोर्चा द्वारा आयोजित मोटा अनाज टिफिन की बैठक में हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा रुचि केसरवानी की अध्यक्षता में मोटा अनाज टिफिन की बैठक बाबागंज में अटल पार्क में सम्पन्न हुई जिसकी मुख्य अतिथि नगर पालिका की पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम पाष्चात्य संस्कृति के कारण हमारे देष में बर्गर, पिज्जा, मैगी का प्रचलन बढ़ा।

इससे हमारे शरीर में पोषक तत्वों का अभाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने मिनट्स ईयर में मोटे अनाज के



मोटा अनाज टिफिन की बैठक में मौजूद अतिथिगण।

सेवन की आवष्यकता बताई है जिसका अनुपालन सभी माताओं, बहनों को करना चाहिये। समारोह की मुख्य वक्ता महिला मोर्चा की प्रदेष सचिव ऊषा मौर्य ने मोटे अनाज की महत्ता पर विस्तार से प्रकाष डालते हुए कहा कि मोटे अनाज हमें पोषक तत्व प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी सारिका श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि प्रेमलता सिंह व सचिव ऊषा मौर्य का स्वागत करते हुए सभी माताओं, बहनों से आग्रह किया कि वह फास्ट फूड से दूर रहें और मोटे अनाज का प्रयोग करें। अध्यक्षता पद से बोलते हुए जिलाध्यक्षा रुचि केसरवानी ने कहा कि अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिये मोटे अनाज का उपयोग कितना जरुरी है, यह आप सभी के समझ में आ गया होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुषीला सरोज ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्षा रंजना चतुवेर्दी, मण्डल अध्यक्षा वंदना त्रिपाठी, उपाध्यक्षा अंजू पाण्डेय, नीतू सिंह, मंजू कनौजिया, मेनका, रुपा, बिन्दू, पूजा, मनिता आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# डीएमएलटी की परीक्षा में शिवांक को प्रथम अभिषेक को मिला दूसरा स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में स्थित दया इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल पैरामेडिकल कोर्स के परिणाम आने पर छात्र-छात्राओं में अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉक्टर डीएस गुप्ता एवं प्रिंसिपल डॉ एसके पांडे ने बताया कि डीएमएलटी के प्रथम सेमेस्टर में शिवांक मौर्य को प्रथम तथा अभिषेक श्रीवास्तव को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ वहीं दूसरे सेमेस्टर में राहुल को प्रथम तथा संजीत कुमार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ तृतीय सेमेस्टर में सचिन यादव को प्रथम तथा अनुराग तिवारी को दूसरा स्थान मिला चैथे सेमेस्टर में अंजली मौर्या को प्रथम तथा सूरज को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से अन्य पाठ्यक्रम में भी कई छात्र सफल हुए । डायरेक्टर डॉक्टर डी एस गुप्ता ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढ़ने की नसीहत दिया और उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

# डॉ. संगमलाल त्रिपाठी भंवर को मिला महाप्राण निराला सम्मान

## साहित्य नव सृंजन का वार्षिकोत्सव संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साहित्य सेवा के क्षेत्र में बहुत तेजी से उभर रही संस्था साहित्य नव सृजन का तीसरा वार्षिक समारोह नोएडा सेक्टर 126 स्थित एचसीएल, किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट के त्रिवेणी सभागार में संपन्न हुआ। इस समारोह में देश के ख्यातिलब्ध, प्रतिष्ठित साहित्यकार,और गजलकार शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार डॉ रमा सिंह ने की। वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष अग्निहोत्री और दिपाली सरीन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था की संस्थापिका महासचिव अनुपमा पांडेय भारतीय ने किया। राशिका भसीन द्वारा मां वाणी की नृत्य वंदना द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संस्था के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यिक गीतकार ओंकार त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष का महाप्राण निराला सम्मान प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ संगमलाल त्रिपाठी श्भंवरश को प्रदान किया गया है। डॉ संगमलाल त्रिपाठी भंवर विभिन्न विषयों पर 14 से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं और लगभग 50 वर्षों से हिंदी साहित्य की सेवा कर रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में साहित्य नव सृजन को पूरे प्रदेश में विस्तारित करने का सुझाव दिया। डॉ रमा सिंह ने साहित्य नव सृजन की सकारात्मक कार्यशैली को सबसे भिन्न बताए हुए संस्था के उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। संस्था की संस्थापिका और महासचिव अनुपमा पांडेय भारतीय ने संस्था की तीन साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और तीन साल की उपलब्धियों को तीन मिनट का चलचित्र बनाकर पेश किया। संस्था के सलाहकार यशपाल सिंह चैहान समीक्षक पुष्प शर्मा, डॉ शैलबाला अग्रवाल और कृष्ण कुमार दुबे ने अपने वीडियो संदेश से संस्था को अपनी शुभ कामनाएं दी। विशिष्ट साहित्यकारों में बाबा कानपुरी, डॉक्टर हरिदत्त गौतम, विनय विक्रम सिंह, पूनम माटिया डॉ तारा गुप्ता, संजय जैन, कर्नल प्रवीण त्रिपाठी, डॉ अवधेश तिवारी श्भावुकश ,संजय जैन, प्रदीप, चंद्रभानु मिश्र, डॉ सुशील द्विवेदी, रानी कंचन लता मीना वर्मा, तूलिका सेठ, प्रेम सागर प्रेम, पुष्प लता बजाज, हरेंद्र यादव फकीर,सुरेंद्र शर्मा आदि साहित्यकार मौजूद थे। सभी उपस्थित साहित्यकारों को ष्साहित्य गौरव सम्मानष सम्मान, प्रतीक, बैज और गिफ्ट प्रदान किया गया। द्वितीय चरण का संचालन एवम् अतिथि सम्मान अंतस की अध्यक्ष पूनम मटिया ने किया। नेहा शर्मा ने भी कार्यक्रम के बीच में मंच संचालन, संस्था की उपाध्यक्ष डॉ रीता जयहिंद और उपस्थित लोगों को सम्मानित करने में अपना सहयोग प्रदान किया। संस्था की सचिव वंदना कुंवर रायजादा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराएं अनुपालनः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु सम्बन्धित विभाग आवश्यक कार्यवाही करें, लापरवाही कदापि न बरते। गुड्स सेमेरिटन (नेक आदमी) को चिन्हित कर सम्मानित किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नेक आदमी जागरूकता हेतु फ्लैक्सी लगायी जाये जिससे लोगों को पता चल सके कि सड़क दुर्घटनाओं में किसी घायल व्यक्ति की मदद करने से उन्हें सम्मानित किया जाये। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि जो नेक आदमी किसी घायल व्यंक्ति को अस्पताल में लाये तो उस नेक आदमी का मोबाइल नम्बर, नाम एवं पता अवश्य नोट कर लिया जाये जिससे उस नेक आदमी को सम्मानित किया जा सके। हेलमेट व सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जाये और जो भी व्यक्ति हेलमेट व सीट बेल्ट नही लगाते है एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करते है ।

# न्यू एंजिल्स स्कूल में हुई हाईस्कूल व इंटर की कम्पार्टमेंट परीक्षा

## हाईस्कूल में 222 व इंटर में 640 रहे उपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई की हाईस्कूल एवं इण्टर की कम्पार्टमेन्ट एवं इम्प्रूवमेन्ट परीक्षाओं के लिये सीबीएसई बोर्ड द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के लगभग 30 विद्यालयों के लिए न्यू एंजिल्स सी से स्कूल को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया है।

आज सोमवार को हाईस्कूल के कुल 245 छात्र/छात्राओं को और इण्टर के 653 छात्र/छात्राओं को कम्पार्टमेन्ट और इम्प्रूवमेन्ट की परीक्षाओं में शामिल होना था लेकिन हाईस्कूल में 222 छात्र/छात्राएं उपस्थित और 23 अनुपस्थित रहे और इण्टरमीडिएट में 640 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे और 13 छात्र/छात्राएं अनुपस्थित रहे। न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक रुद्र प्रकाश श्रीवास्तव,



न्यू एंजिल्स स्कूल से कम्पार्टमेंट परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्र-छात्राएं।

पी.जी.टी.महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर, प्रयागराज और आबजरवर कमलेश पाण्डे बैंक से पेपर लाने से लेकर उत्तर पुस्तिकाएं सील पैक कराने तक उपस्थित रहे। न्यू एंजिल्स सी सेकेण्ड्री स्कूल की चेयरपर्सन डा0 शाहिदा ने बताया कि सभी छात्र छात्राओं ने 10 बजे तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले लिया। 1015 पर प्रश्नपत्र वितरित हुआ और 15 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने के लिये एक्सट्रा टाइम दिया गया। परीक्षा तीन घंटे की हुई। परीक्षा 10.30 बजे से प्रारंभ होकर 01.30 बजे तक चली। परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा शांत वातावरण में शुचितापूर्ण सम्पन्न हुई।

# एमडीपीजी में पूजन अर्चन के साथ शुरू हुई कक्षाएं

## शिक्षकों का पांच घंटे महाविद्यालय में रुकना अनिवार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडी पीजी कॉलेज में आज मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कक्षाओं का संचालन शुरू हुआ। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी पूजन-अर्चन किया। प्राचार्य ने आज ही शिक्षा सत्र के पहले दिन शिक्षकों के साथ एक बैठक भी की, जिसमें उन्होंने शिक्षकों को चेताया कि प्रत्येक शिक्षक का कम से कम 5 घंटे महाविद्यालय में रुकना अनिवार्य है। पांच घंटे महाविद्यालय में न रुकने वाले शिक्षकों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने सभी शिक्षकों से नियमित कक्षाओं के अलावा दो घंटे छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करने तथा अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में सहयोग करने के लिए कहा। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों को समझें और शासन एवं समाज की आकांक्षाओं के अनुरूप अध्ययन व अध्यापन करें। जनपद के सबसे प्राचीन एवं सबसे बड़े महाविद्यालय की गरिमा को न केवल संजीदा बनाए रखना है अपितु इसे उत्कृष्टता प्रदान करनी है जिसके लिए सभी शिक्षक पूरी तन्मयता से लगकर काम करें। बैठक में डॉ ए के श्रीवास्तव,डॉ अरविंद मिश्र, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ ए के तिवारी,डॉ पीयूष कांत शर्मा, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे, डॉ डी के पांडे, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ संतोष पांडे,डॉ संजय दुबे, डॉ सुधांशु त्रिपाठी, डॉ राजेंद्र मिश्र, डॉ किरन मिश्रा, डॉ रमेश चंद्र शुक्ल, डॉ अमिता मिश्रा, डॉ माया शंकर कौशल आदि उपस्थित रहे।



एमडीपीजी कालेज में पूचन अर्चन करते प्राचार्य।

## महाविद्यालय में रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थिति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सावन के द्वितीय सोमवार को अखंड रामचरितमानस का पाठ प्रारंभ हुआ जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा बच्चों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश पांडे ने बताया कि महाविद्यालय कल्याण हेतु यह आयोजन किया जा रहा है भगवान पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन दर्शन हम सभी के लिए अनुकरणीय है जिसमें स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभी स्टाफ बड़े ही उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल ले गए जहां पर घायल युवक का इलाज चल रहा है। सतीश कुमार बारडीह निवासी कोतवाली पट्टी सोमवार की सुबह अपने घर के पास टेक्टर की धुलाई कर रहा था कि ट्रैक्टर के नीचे खड़ा होकर ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया। अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट होते ही ट्रैक्टर गेयर में खड़ा होने के कारण ट्रैक्टर आगे बढ़ गया तो सतीश के पैर पर पिछला पहिया ट्रैक्टर सतीश के दाएं पैर को कुचलते हुए आगे बढ़ गया बगल खड़े युवक ने शोर-शराबा किया घायल के परिजन भी मौके पर पहुच कर घायल युवक को दयालगंज बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां पर घायल युवक का इलाज चल रहा है।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक ने फर्जी प्रधान बनाकर एमडीएम खाते से निकाले पैंतीस हजार

### सप्ताह भर में बदल गया प्रधान, बैंक अधिकारी मौन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सप्ताह भर पूर्व एमडीएम खाते के संचालन में प्रधान रामकिंकर सरोज का नाम दर्ज था। वहीं अब गांव का एक युवक फर्जी प्रधान बनकर खाते में रामकिंकर की जगह स्थान बना कर संचालन कर रहा है। बैंक अधिकारी भी इतनी जल्द अभिलेखों में विना जांच किए ही ग्राम प्रधान को बदल डाला जो उनकी भी कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

### स्कूल नहीं आ रहा है प्रधानाध्यापक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार से प्रभारी प्रधानाध्यापक स्कूल नहीं आ रहा है।वही प्रधान ने बताया कि एक अध्यापक होने की वजह से स्कूल भी बंद चल रहा है।जबकि बीईओ ने बताया की सचिन के न आने से विद्यालय संचालन के लिए अस्थाई अध्यापक को भेजा जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रभारी प्रधानाध्यापक ने गांव के एक युवक को फर्जी प्रधान बनाकर एमडीएम खाते से पैंतीस हजार रुपए निकाल लिया।जानकारी होने पर प्रधान ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की

## उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद शुरू हुई जांच, अगई प्राथमिक विद्यालय का है मामला

है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय अगई (मटियारा) द्वितीय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका नमिता का गैर जनपद स्थानांतरण हो गया।विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक सचिन को प्रभारी बना दिया गया।सचिन एमडीएम खाते के संचालन हेतु गांव के एक युवक को फर्जी प्रधान बनाकर पैंतीस हजार रुपया 12 जुलाई को निकाल लिया।आहरण की गई राशि की सूचना पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका के मोबाइल पर गया तो वह प्रधान रामकिंकर से इस बाबत जानकारी ली। प्रधान ने पैसा निकालने से इंकार किया और ग्रामीण बैंक रानीगंज कैथौला में आकर जानकारी किया तो खाते के संचालन में प्रधान के स्थान पर गांव के एक युवक का नाम दर्ज मिला। प्रधान रामकिंकर ने मामले की शिकायत बीईओ समेत ब्लॉक के अधिकारियो से की। विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक ने मामले में खुद को फंसता देख 15 जुलाई को एमडीएम खाते में पुनः तीस हजार जमा कर दिया।

### क्या कहते है अधिकारी?...

बीईओ लालगंज प्रभाकर यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि दोषी प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है, सचिन द्वारा लिए गए मेडिकल को भी निरस्त कर दिया गया है।

## संपादकीय

# देश में एक जैसी व्यवस्था तो चाहिए हीए समान नागरिक संहिता का विरोध राजनीतिक

इन दिनों समान नागरिक संहिताए यानी यूनिफार्म सिविल कोड पर बहस छिड़ी हुई है। इस बहस को अल्पसंख्यकोंए खासकर मुसलमानों पर केन्द्रित करने की कोशिश की जा रही है। कुछ मौकापरस्त ताकतें मुसलमानों में यह डर पैदा करने की कोशिश कर रही है कि अगर समान नागरिक संहिता देश में लागू हो गया तो मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक घोषित कर दिया जाएगा। इस मामले में कुछ सकारात्मक कोशिशें भी होने लगी है।

विगत दिनों मैं सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो देख रहा था। मुस्लिम समाज के धर्मगुरु बेहद समझदारी से समान नागरिक संहिता की व्याख्या कर रहे थे। उनकी अपनी व्याख्या थी। वे कह रहे थे कि इस देश में अगर समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगा तो कुछ भी खास बदलने वाला नहीं है। उनका कहना था कि भारत में जब तक संविधान जिंदा हैए तब तक हिन्दू और मुसलमानों के लिए अलग.अलग कानून नहीं हो सकते हैं। हत्याए अपराध आदि के लिए दोनों समुदायों को एक ही कानून से दंडित किया जाएगा। समान नागरिक संहिता से यदि कुछ बदलेगा तो एक.दूसरे से अलग करने वाली कुछ व्यवस्थाएं। प्रत्येक धर्म अपने आदेशों में मानव कल्याण की शिक्षा देता है। इस्लामिक पवित्र गंथों में इंसानियत की भलाई के सैंकड़ों आदेश मौजूद हैं। यहां तक की किसी दूसरी इंसान को पीड़ा न पहुंचाने की बात कई बार दुहराई गयी है। इस मामले में सूफी खानकाह एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कौसर हसन मजीदी का कहना है कि ष्पवित्र कुरान में इतरा कर चलने पर बेहद महत्वपूर्ण बात कही गयी है। मसलनए इतराने वालों को अल्लाह पसंद नहीं करता। जहां पवित्र कुरान में जमीन पर फसाद करने वालों की निंदा की गयी हैए वहीं दूसरी तरफ किसी बेगुनाह का कत्ल करने वाले को सारी इंसानियत का कातिल बताया गया है। पवित्र कुरान के सारे आदेशों के पीछे जनकल्याण की भावना निहित है और यही वजह है कि सारी जिंदगी एहले मक्का का जुल्म सहने के बादए मक्का फतह के अवसर पर बदला लेने के सर्वसम्मत कानून के मौजूद होने के बाद भी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने जुल्म करने वालों को आम माफी का ऐलान किया।

भारत एक पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य है। यहां का संविधान सभी धर्मों और जातियों के व्यक्तियों को समान अधिकार और अवसर देता है। समान नागरिक संहिताए भारत के संविधान निमार्ताओं द्वारा उसे आने वाले समय मेंए लागू करने की बात की गयी थी। देश आजाद होने के 75 साल बादए अब शायद यही उपयुक्त समय है कि देश में समान नागरिक संहिता को लागू किया जाए। सबसे पहले तो हमें इस बात को समझना होगा कि समान नागरिक संहिता किसी भी रूप में धर्म के सिद्धांतों के विपरीत नहीं है। तत्कालीन परिस्थितियों के आधार पर नियम और कानून बनाए जाने की इस्लाम इजाजत देता है। ऐसे कई कानून मुस्लिम देशों में भी बनाए गए हैं। सच पूछिए तो इस्लाम के इतिहास को साम्राज्यवादी नजरिए से देखना ठीक नहीं होगा। इसे धार्मिक और मानवता के नजरिए से देखना ही उचित है। भारत में लगभग 800 वर्षों तक मुस्लिम शासकों ने शासन किया लेकिन इस्लाम के साम्राज्यवादी स्वरूप को स्थापित करने की कोशिश की उन्हें न तो यहां के समाज ने स्वीकार किया और न ही मुस्लिम दरवेशों ने उन्हें मान्यता प्रदान की। भारतीय शासकों ने न तो कभी ओटोमन साम्राज्य का समर्थन किया और न ही अरब राष्ट्रवाद को स्वीकार किया। इसलिए वर्तमान दौर में भी वर्तमान परिस्थिति के आधार पर जो भारतीय गणतंत्र को मजबूत बनाए वैसे कानून लागू करने में देश के प्रत्येक नागरिक को सहयोग करना चाहिए। निःसंदेह ऐसे कानून होने चाहिए जिससे सब की हिफाजत हो और हुकूमत का इकबाल बुलंद रहे।

समान नागरिक संहिताए नागरिकों को समान रूप से फौजदारी और दीवानी विधि के दायरे में लाना चाहती है। फिलहालए आईपीसी और दूसरी दंड विधियों के द्वारा फौजदारी विधि समस्त भारत मेंए समान रूप से लागू है और बहुत से दीवानी मामलों में भीए समान नागरिक संहिता के तरह के नियम हैंए मसलन सरकारी नौकरी मेंए समान रूप से नियम लागू हैं। समान नागरिक संहिता के लागू होने से इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा।

केन्द्र सरकार ने दावा किया है कि समान नागरिक संहिता के द्वारा धर्म के आंतरिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध मात्र एक राजनीतिक स्टंट के अतिरिक्त कुछ और नहीं है। संविधान की दुहाई देने वाले संविधान सभा के उस निर्णय को क्यों निकालते हैंए जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड की रचना की जाएगी। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जिस शाहबानो केस के निर्णय के बाद देशव्यापी बवाल के बाद न सिर्फ तत्कालीन सरकार ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय को बदलने के लिए कानून तक बना डालाए उसका लाभ क्या हुआघ जबकि 2010 में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक व्यवस्था देते हुए तलाकशुदा महिला को उसके विवाह होने तक अथवा आजीवन गुजारा भत्ता देने का आदेश पारित कर दिया गया। ऐसे बहुत से व्यक्तिगत विधियों के उदाहरण हैंए जिसमें नागरिकों को समान कानूनों के अधीन ही रहना होता है।

महत्वपूर्ण तथ्य है कि कुछ लागों के द्वारा समानता के अधिकार की प्रतीक समान नागरिक संहिता का विरोध किया जाना हास्यास्पद लगता है। जो लोग इसका विरोध धर्म और आस्था के नाम पर कर रहे हैंए उनके द्वारा कोरोना काल में सभी धर्मों के धार्मिक स्थल पर उपासना मर्यादित करने का इन कथित लोगों ने समर्थन किया था और तर्क दिया थाए ष्मानव जीवन को बचाना परम आवश्यक है और सभी को लॉकडाउन का पालन करना चाहिए।ष तो आज इन कथित लोगों द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध क्योंघ ऐसा मात्र राजनीति के चलते किसी खास दल को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।

# एनडीए का सिल्वर जुबली समारोह, बदलते साथियों के साथ अटल स्तम्भ

**अशोक भाटिया**

एनडीए गठन के 25 साल पूरे हो गये। मई 1998 में अटलबिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में एनडीए का गठन हुआ था। एनडीए का सिल्वर जुबली समारोह 18 जुलाई को है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में अभी तक कुल 41 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल शामिल रहे हैं। राज्यों की परिस्थितियां और क्षेत्रीय दलों की महत्वाकांक्षा के कारण एनडीए में सहयोगी दल आते.जाते रहे हैं।देश के राजनीतिक इतिहास में आज तक बहुत से गठबंधन बने और टूटे लेकिन एनडीए 25 वर्षों से अपने अस्तित्व में बना हुआ है और वर्तमान में केंद्र की सरकार के अलावा 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसकी सरकारें हैं।



दरअसलए 90 के दशक में जब भाजपा को राजनीतिक रूप से अछूत माना जाता था और कोई भी दल मुस्लिम मतों को गंवाने के डर से भाजपा के साथ गठबंधन करने से परहेज करता थाए उस समय 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी ने क्षेत्रीय दलों को शामिल कर जो गठबंधन बनाया थाए उसे एनडीए नाम दिया गया। हम आपको याद दिला दें कि 1996 के लोकसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा ने भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी को सबसे बड़े दल का नेता होने के नाते पहले सरकार बनाने का अवसर भी दिया लेकिन भाजपा के पास शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल के अलावा किसी अन्य दल का समर्थन नहीं था जिसके चलते अटलजी की सरकार मात्र 13 दिनों में ही गिर गयी थी।

1996 के इस अनुभव को देखते हुए भाजपा ने क्षेत्रीय दलों के साथ संवाद का काम शुरू किया और अपने मूल मुद्दों को किनारे रखते हुए एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन बनाने की कवायद शुरू की। जल्द ही यह कवायद रंग लाई और 1998 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को टक्कर देने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तर.दक्षिण.पूरब.पश्चिम के कई दलों का ऐसा संगम बनाया कि कांग्रेस और तीसरे मोर्चे का सफाया हो गया और तेलुगू देशम पार्टी के बाहरी समर्थन से केंद्र में अटलजी की सरकार बन गयी। हालांकि एनडीए सहयोगी अन्नाद्रमुक की नेता जयललिता की ओर से समर्थन वापस लिये जाने के कारण अटलजी की सरकार 13 महीने में ही गिर गयी लेकिन 1999 में हुए लोकसभा चुनावों में एनडीए एक बार फिर सत्ता में पहले से ज्यादा ताकत के साथ लौटा। हालांकि निर्धारित अवधि से छह महीने पहले कराये गये लोकसभा चुनावों में एनडीए की हार हुई और कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ;यूपीएद्ध सत्ता में आया। यूपीए ने 2004 से 2014 तक राज किया। उसके बाद मई 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए एक बार फिर सत्ता में लौटा और तबसे केंद्र तथा विभिन्न राज्यों में इसकी सरकार चल रही है।

एनडीए 25 साल पूरे कर रहा हैए सिर्फ यही इसकी उपलब्धि नहीं है। एनडीए की उपलब्धि यह भी है कि इसने सबसे पहले भारत में उस मिथक को तोड़ा था कि गठबंधन सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकतीं। एनडीए की सफलता देख कर ही कांग्रेस का भी अहंकार टूटा था। देवेगौड़ा और गुजराल की सरकार से समर्थन वापस लेकर उन्हें गिराने वाली कांग्रेस कभी क्षेत्रीय दलों को अपने साथ नहीं बिठाती थी लेकिन 2004 के लोकसभा चुनावों से पहले शिमला में हुई कांग्रेस की बैठक में यूपीए के गठन का निर्णय लिया गया और वामदलों से लेकर अन्य कई दलों को इसमें शामिल किया गया।

एनडीए के उतार.चढ़ावों की बात करें तो इसमें सबसे पहले शामिल होने वाली शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल ने 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद अलग.अलग कारणों से इस गठबंधन को छोड़ दिया हालांकि शिवसेना जबसे एकनाथ शिंदे के हाथ में आई है तबसे इसकी वापसी एनडीए में हो गयी है। एनडीए की शुरूआत से ही घटक रही समता पार्टी जोकि बाद में जनता दल युनाइटेड कहलाईए वह भी एनडीए में आती जाती रहती है। फिलहाल वह इस गठबंधन से बाहर है।

एनडीए के स्वरूप की बात करें तो इसके तहत गठबंधन नेताओं की जो समिति बनी थीए वह सीटों और पदों के बंटवारे से लेकर संसद में उठाये जाने वाले मुद्दों और विरोधियों के हमलों से बचाव की रणनीति बनाती है। अतीत में कई बार कुछ निर्णयों में विचारधाराएं आड़े आईं तो बहुमत के आधार पर फैसले भी लिये गये। एनडीए के संयोजकों की बात करें तो अटल बिहारी वाजपेयी इसके संस्थापक संयोजक थे। एनडीए की कमान भाजपा में अटलजी के अलावा लालकृष्ण आडवाणी के पास वर्किंग चेयरमैन के नाते रही तो कुछ समय तक भाजपा नेता जसवंत सिंह ने भी इसका नेतृत्व किया। 2014 से एनडीए के चेयरमैन अमित शाह हैं जबकि इसके शीर्ष नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने भी 2008 तक एनडीए का इसके संयोजक के नाते नेतृत्व कियाए इसके बाद जदयू के तत्कालीन अध्यक्ष शरद यादव के हाथ में एनडीए संयोजक पद की कमान आई लेकिन जून 2013 में जब जदयू ने एनडीए गठबंधन छोड़ा तो शरद यादव ने भी संयोजक पद छोड़ दिया। तब आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू को एनडीए का संयोजक बनाया गया। 2018 में चंद्रबाबू ने भी एनडीए छोड़ा और तबसे इसके संयोजक का पद खाली पड़ा हुआ है। एनडीए के कुछ घटक कई बार यह मांग कर चुके हैं कि सहयोगी दलों के बीच बेहतर सामंजस्य बनाये रखने के लिए एनडीए संयोजक की नियुक्ति की जानी चाहिए।

केंद्रीय स्तर पर एनडीए में शामिल दलों की बात करें तो इसमें भाजपा के अलावा शिवसेनाए आरएलजेपीए अपना दल ;सोनेलालद्धए एनपीपीए एनडीपीपीए आजसूए एसकेएमए एमएनएफए एनपीएफए अन्नाद्रमुकए आरपीआई ;एद्धए एजीपीए पीएमकेए टीएमसी ;मूपनारद्ध और यूपीपीएल शामिल हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में निषाद राज पार्टी और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों का भाजपा को समर्थन हासिल है। इसी तरह की स्थिति कुछ अन्य राज्यों में भी है। इसके अलावा 2016 में पूर्वोत्तर में एनडीए के तहत बनाये गये नॉर्थ ईस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस में भाजपा के अलावा कई क्षेत्रीय दल शामिल हैं। यह गठबंधन पूर्वोत्तर के अधिकांश राज्यों में सरकार चला रहा है।

एनडीए की सफलताओं की बात करें तो इसने 1998ए 1999ए 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव जीतकर अटल बिहारी वाजपेयी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सिर्फ सरकार ही नहीं दी है बल्कि तीन बार उसके राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार. डॉण एपीजे अब्दुल कलामए रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू जीती हैं तो इसके अलावा तीन बार ही एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार. भैरों सिंह शेखावतए एमण वेंकैया नायडू और जगदीप धनखड़ की जीत हुई। एनडीए ने लालकृष्ण आडवाणी के रूप में देश को एक उपप्रधानमंत्री भी दिया है। अटलजी और मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की जीत में फर्क यह रहा कि अटलजी को जहां दोनों बार गठबंधन की सरकार चलानी पड़ी वहीं मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने दम पर बहुमत हासिल किया लेकिन गठबंधन धर्म निभाते हुए सहयोगी दलों को भी मंत्रिमंडल में स्थान दिया।

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडूए असम में हिमंत बिस्व सरमाए गोवा में प्रमोद सावंतए गुजरात में भूपेंद्र पटेलए हरियाणा में मनोहर लाल खट्टरए मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहानए महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदेए मणिपुर में एनण बिरेन सिंहए मेघालय में कोनराड संगमाए नगालैंड में नेफियू रियोए पुडुचेरी में एनण रंगासामीए सिक्किम में प्रेम सिंह तमांगए त्रिपुरा में माणिक साहाए उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ और उत्तराखण्ड में पुष्कर सिंह धामी शामिल हैं। इसके अलावा देश के विभिन्न राज्यों के नगर निकायों में भी एनडीए शासन कर रहा है। देखा जाये तो भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए देश में केंद्र की सत्ता के अलावा अब तक सिर्फ तीन राज्यों. केरलए तेलंगाना और पश्चिम बंगाल को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में सरकार बना चुका है।

मई 1998 में अपने गठन के बाद से एनडीए ने लगभग 41 राष्ट्रीय और राज्य दलों की भागीदारी देखी है। भाजपा लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी इसके पहले अध्यक्ष थे।इस विविधतापूर्ण गठबंधन ने 19 राजनीतिक दलों को निमंत्रण दिया हैए जिनमें चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टीए उपेंद्र कुशवाहा की लोक समता पार्टी और जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा जैसे उल्लेखनीय सदस्य शामिल हैं।आमंत्रितों की सूची में संजय निषाद की इंडियन शोषित हमारा अपना दल ;निषादद्ध .निषाद पार्टीए अनुप्रिया पटेल की अपना दल ;सोनेलालद्धए हरियाणा से जननायक जनता पार्टी ;जेजेपीद्ध और आंध्र प्रदेश से पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जन सेना शामिल हैं।

# क्यों पतियों को बीवी 'नो-जॉब' पसंद है ?

**इस पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को घर के अंदर समेटने का तरीका है उन्हें नौकरी न करने देना। पितृसत्ता के गुलाम लोगों को लगता है कि नौकरी करने अगर बहू घर के बाहर जाएगी, उसके हाथ में पैसे होंगे तो वो घर वालों को कुछ समझेगी नहीं। इसके पीछे की भावना होती है कि लड़की इंडिपेंडेंट होगी। वो अपने लिए खुद फैसले लेंगी और इससे उसपर उनका अधिकार कम होगा। लड़कियों और बहुओं को घर की इज्जत का नाम देकर घर में उनका जमकर शोषण किया जाता है। कई पुरुषों में यह सोच हावी है कि महिलाएं नौकरी करेंगी तो उनकी मोबिलिटी अधिक होगी, संपर्क अधिक बढ़ेगा। घर से बाहर निकल कर बाहर के पुरुषों से बात करेंगी। यह उन्हें बर्दाश्त नहीं होता है। पुरुषों को लगता है कि नौकरी करने पर महिलाएं उन पर आश्रित नहीं रहेंगी। वो खुद फैसले ले सकेंगी, उनकी चलेगी नहीं। इसलिए वो नौकरीपेशा महिलाओं को नहीं पसंद करते।**

\- **डॉ सत्यवान सौरभ**

पितृसत्तात्मक समाज में औरतों का कमाऊ न होना उनकी मर्जी या पिछड़ेपन की निशानी नहीं बल्कि उनके संस्कारी होने का प्रमाण है। अगर लड़की नौकरी और करियर में आगे बढ़ने की आकांक्षाएं रखती हैं तो उसे शादी का रिश्ता पाने में भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। मर्द जहां शान और शौकत से नौकरी कर अपनी औरत पर धौंस जमाता है, वहीं औरत पूरे दिन घर का काम संभालने के बाद भी उसी मर्द के पैर की जूती समझी जाती है। वह अपनी मर्जी से कहीं आ जा नहीं सकती, अपने हुनर के दम पर कुछ कमा नहीं सकती क्योंकि इस व्यवस्था में औरतों का कमाऊ न होना उनकी मर्जी या पिछड़ेपन की निशानी नहीं बल्कि उनका संस्कारी होना समझा जाता है।

आपने अनेक घरों में अक्सर सुना होगा घर संभालना औरतों का काम है और बाहर से पैसे कमाकर लाना मर्दों का। ये महज एक वाक्य नहीं औरत के लिए बनाई वो चार दिवारी और बेड़ी है, जो उसे उसकी आजादी को साथ-साथ ही स्वाभिमान से जीने के हक से भी दूर कर देती है। आज के बदलते दौर में भी कई लोगों को बहुएं पढ़ी लिखी तो चाहिए, लेकिन नौकरीपेशा नहीं। एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि भारत के लड़कों को शादी के वक़्त नौकरी करने वाली लड़कियों को नापसंद कर घरेलू लड़कियां ज्यादा पसंद हैं। इस तरह देखने को मिलता है कि अगर लड़की नौकरी और करियर में आगे बढ़ने की आकांक्षाएं रखती हैं तो उस शादी का रिश्ता पाने में भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

भारतीय लोगों में शादी के लिए कामकाजी, नौकरीपेशा लड़कियों की मांग बहुत कम हैं। भारतीय महिलाओं में यह बहुत सामान्य है कि महिलाएं अपनी कमाई खर्च करने का फैसला पति के साथ मिलकर लेती हैं। गौरतलब है कि भारत में 99 प्रतिशत महिलाएं 40 की उम्र तक पहुंचने से पहले शादी कर लेती हैं। जब महिलाओं को लगता है की नौकरीपेशा होने पर उन्हें शादी में परेशानी होगी तो वो अपने करियर के प्रति लापरवाह हो जाती हैं। शादी से पहले करियर बनाने या शादी के बाद नौकरी में रहने के विचार को एक तरह से त्याग देती हैं। शादी के बाद लड़की को अपने पति और ससुराल वालों दोनों की सुननी होती है। उस पर हर समय उन्हें खुश रखने का प्रेशर बना रहा है। उस पर न केवल एकदम से बहुत ज्यादा जिम्मेदारियां आ जाती है बल्कि उससे परफेक्ट होने की उम्मीद भी की जाती है। यही एक वजह भी है कि ससुराल वालों की वजह से उसका करियर सेकेंड्री बन जाता है। ऐसे में वह जब तक अपनी वर्क लाइफ और पर्सनल लाइफ में तालमेल बिठा पाती है, तो ठीक वरना उसे अपने काम से हाथ धोना ही पड़ता है।

वैसे आज भी हमारे देश में शादी एक बड़ा मुद्दा है नौकरी नहीं। लड़कियों को पढ़ना-लिखना तक तो ठीक है लेकिन ज्यादातर लोगों को वर्किंग वुमन नहीं चाहिए। कई परिवार पढ़ी लिखी बहू लाना तो चाहते हैं पर वो शादी के बाद उनके नौकरी करने के पक्ष में नहीं होते। तर्क दिया जाता है कि उनका परिवार संपन्न है, नौकरी की क्या जरूरत है। ये भी समझा जाता है कि नौकरी करने वाली लड़की को घर संभालने का कम वक़्त मिलेगा, जिससे घर के कामों में दिक्कत आएगी। क्यूंकि भारत के ज्यादातर हिस्सों में आम धारणा यही है कि घर संभालना महिलाओं का काम है। पितृसत्ता के गुलाम लोगों को लगता है कि नौकरी करने अगर बहू घर के बाहर जाएगी, उसके हाथ में पैसे होंगे तो वो घर वालों को कुछ समझेगी नहीं। इसके पीछे की भावना होती है कि लड़की इंडिपेंडेंट होगी। वो अपने लिए खुद फैसले लेंगी और इससे उसपर उनका अधिकार कम होगा। लड़कियों और बहुओं को घर की इज्जत का नाम देकर घर में उनका जमकर शोषण किया जाता है। कई पुरुषों में यह सोच हावी है कि महिलाएं नौकरी करेंगी तो उनकी मोबिलिटी अधिक होगी, संपर्क अधिक बढ़ेगा। घर से बाहर निकल कर बाहर के पुरुषों से बात करेंगी। यह उन्हें बर्दाश्त नहीं होता है। पुरुषों को लगता है कि नौकरी करने पर महिलाएं उन पर आश्रित नहीं रहेंगी। वो खुद फैसले ले सकेंगी, उनकी चलेगी नहीं। इसलिए वो नौकरीपेशा महिलाओं को नहीं पसंद करते। कारण कोई भी हो हकीकत यही है कि महिलाओं को अब तक पितृसत्ता से आजादी नहीं मिल पाई है। सुबह उठते ही उनके दिमाग में घंटी बज जाती है, तेजी से घड़ी चलने लगती है, ढेर सारे कामों की लिस्ट बन जाती है और वो इधर-उधर दौड़कर रोबोट की तरह झटपट काम निपटाने लगती हैं। इसके चलते उन्हें रोज मानसिक और शारीरिक थकान का अनुभव होता है, लेकिन उसके बावजूद उन्हें दूसरों के पैसों पर रोटी तोड़ने वाला करार दे दिया जाता है। कुल मिलाकर देखें तो लड़की को कब क्या करना है? यह उसके अलावा सब तय करते हैं। इस पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को घर के अंदर समेटने का तरीका है उन्हें नौकरी न करने देना। इसीलिए पतियों को बीवी 'नो-जॉब' पसंद है।

# कांवड़ यात्रा: दूसरा पक्ष : खड़े हैं डरे-डरे से सवाल बाद कांवड़ के

**डॉ घनश्याम बादल**

कांवड़ यात्रा समाप्त हो गई । कांवड़ को हिंदुओं की दृष्टि से एक आस्था एवं धर्म के प्रति समर्पण की महायात्रा कहा जा सकता है इस यात्रा में न केवल युवा अपितु बच्चेए बूढ़ेए स्त्रीए पुरुष सभी आयु वर्ग के कांवड़ यात्री देखने को मिले ।

उत्तरी भारत में कांवड़ यात्रा के समय एक अजब ही दृश्य एवं उत्साह दिखाई देता है जो इस बार भी था । इस उत्साह को इसी से देखा जा सकता है कि इस बार केवल हरिद्वार से ही लगभग चार करोड़ सत्तर लाख श्रद्धालु जल लेकर देश के विभिन्न भागों में गए । यदि इसका 10ः भी बनारस अथवा दूसरी जगह से जल गया होगा तो कांवड़ियों की संख्या 5 करोड़ पार करती है जो एक बहुत बड़ा जनसैलाब ठहरता है । यदि छुटपुट दुर्घटनाओं को छोड़ दें तो इस बार कांवड़ यात्रा काफी सकुशल तरीके से संपन्न हुई लेकिन फिर भी दुर्घटनाएं तो हुई ।

कांवड़ यात्रा संपन्न हुईए प्रशासन ने चैन की सांस ली सड़कें एक बार फिर से आवागमन के लिए खुल गईए यात्रियों के लिए ट्रेन एवं बसें तथा सड़क मार्ग फिर से उपलब्ध हो गए यानी इस कावड़ यात्रा के बाद आशा की जानी चाहिए कि एक बार फिर से देश और अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटेंगे ।

अब क्योंकि मामला धर्म एवं आस्था का है इस पर प्राय बुद्धिजीवी भी कुछ कहने से बचते हैं लेकिन कांवड़ के बाद हरिद्वार एवं आसपास के नगरों की की ही नहीं अपितु कांवड़ के रास्ते में पड़ने वाले स्थानों जो हालत होती है यदि उसको देखा जाए तो फिर बहुत सारे प्रश्न परेशान करते हैं ।

हरिद्वार अपेक्षाकृत एक छोटा शहर है वहां का तंत्र एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी बहुत सीमित हैं बजट भी उतना नहीं है अतः कांवड़ के दौरान एवं उसके बाद जब गंगा एवं नगर की सफाई की बात आती है तो स्थिति बहुत खराब नजर आती है भले ही सरकार एवं प्रशासन कुछ भी कहें कितने ही बहाने मिलाकर पल्ला झाड़ें या कोरे आश्वासन दें लेकिन यह कड़वा सच है कि हरिद्वारए ऋषिकेशए नीलकंठ व रुड़की जैसे हरिद्वार के निकट स्थित शहर हर कांवड़ यात्रा के बाद गंदगी एवं मल मूत्र की गंध से बजबजाते हैं जिसके चलते बीमारियों का फैलना अवश्यंभावी है और हर कांवड़ बाद ऐसा होता भी है इस बार भी आशंका है कि यह स्थिति नहीं बदलने वाली ।

बेशक हर व्यक्ति को अपनी आस्थाए श्रद्धा एवं धर्म के अनुसार जीवन व्यतीत करने का पूरा अधिकार हमारा संविधान देता है लेकिन साथ ही साथ संविधान यह भी कहता है कि किसी की स्वतंत्रता में या सहूलियत में दखल देने का हक भी किसी को नहीं है ।

यदि प्रश्न पूछा जाए कि करोड़ों यात्री दस दिन तक क्यों असुविधा का सामना करेंए क्यों बच्चों को कक्षाएं व परीक्षाएं छोड़नी पड़ें घ क्यों रेलगाड़ियों में आरक्षित सीटों पर जाने वाले यात्री अपनी यात्रा भयाक्रांत होकर पूरी करें या फिर क्यों शहर नशएड़ियों एवं ड्रग एडिक्ट लोगों को सहन करें तो यह प्रश्न तथाकथित धार्मिक लोगों को विचलित कर देते हैं और कई बार तो हिंसा का कारण भी बन जाते हैं ।

प्रश्नों के जवाब में उत्तर नहीं बल्कि प्रतिप्रश्न पूछ कर सवाल उठाने वालों को चुप कर दिया जाता है अब क्योंकि सरकार भी हिंदुत्ववादी है तो ऐसे लोग प्रश्न पूछने से भी घबराते हैं । अब प्रश्न भले ही न पूछे जाएं मगर समस्या तो जस की तस रह ही जाती है और जब तक समस्या का कोई हल नहीं ढूंढा जाता तब तक वह समस्या हल होती भी नहीं है। तो कांवड की गरिमा और श्रद्धा भी बनी रहे तथा दूसरे लोगों को होने वाली असुविधा से भी छुटकारा मिल जाए ऐसा कोई हल ढूंढना ही होगा।

# जमाने भर की बातों का बदला हिंदू मंदिरों से क्यों ?

**.अमरपाल सिंह वर्मा.**

पाकिस्तान की सीमा हैदर पबजी खेलते हुए भारत के सचिन के प्यार में पड़ कर कई देशों की सीमाएं लांघते हुए भारत आ गई। यकीननए सीमा हैदर की करतूत से उसके परिजनों और पाकिस्तान के लोगों में गुस्सा है लेकिन दुख का विषय है कि इसका बदला पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचा कर लिया जा रहा है। कल पाकिस्तान में सिंध के काशमोर में एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया। हमलावरों ने मंदिर और आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस मौके पर पहुंचतीए तब तक हमलावर फरार हो गए। पाकिस्तान में दो दिन में हिंदू मंदिर में तोडफोड़ की यह दूसरी वारदात है। इससे पूर्व कराची में रात को डेढ़ शताब्दी पुराने हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया।

जब से पाकिस्तान की नींव पड़ी हैए तब से वहां पर हिंदू मंदिर कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। दो कारणों से मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। एक.ये पुराने मंदिर जिन जगहों पर बने हैंए वह जगहें अब बेशकीमती हो गई हैं। इसलिए मंदिरों को तोड़ कर वहां पर होटलए दुकानें आदि बनाई जा रही हैं। दूसरा कारणए भारत से किसी भी नाराजगी का प्रतिशोध मंदिरों को ध्वस्त कर-के लिया जाता है। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद वहां अनेक मंदिर ढहा दिए गए। हालत यह है कि दुनिया में कहीं कुछ भी होए पाकिस्तान में कट्टरपंथियों के निशाने पर हिंदू मंदिर ही आ जाते हैं। बड़ा सवाल यह है कि जमाने भर की बातों का बदला हिंदू मंदिरों से क्यों लिया जा रहा है और ऐसा करके क्या हासिल होने वाला हैघ पाकिस्तान में कट्टरपंथियों हमलों में न केवल हिंदू को मारा जा रहा हैए बल्कि जुल्म.ओ.सितम की वजह से हिंदू से वहां से भागने पर मजबूर हैं। हिंदू लड़कियों से दुष्कर्म और जबरन धर्म परिवर्तन के कारण पिछले तीन दशक में सैकड़ों हिंदू भारत आए लेकिन लौटकर नहीं गए। यह सिलसिला अब भी चल रहा है।

पाकिस्तान हिंदू राइट्स मूवमेंट के आंकड़ों से पता चलता है कि 1947 में भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में 428 प्रमुख मंदिर थेए इनमें से 408 मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया है। इन सभी मंदिरों के स्थान पर मदरसेए स्कूलए होटल और रेस्टोरेंट खड़े कर दिए गए हैं।

समय.समय पर जो मीडिया रिपोर्ट आई हैंए उनके मुताबिक पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान में कालीबाड़ी मंदिर को ढहाकर ताजमहल होटल बनाया गया है।

## पिकअप की ठोकर से युवक की मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** झांसी मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग में थाना क्षेत्र के अहिरी गांव के पास पिकअप की ठोकर से साइकिल सवार के घायल होने पर प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

ये हादसा रविवार को सवेरे हुआ। मटियारा गांव के राजेन्द्र प्रसाद उर्फ कंजा (35) पुत्र बद्री प्रसाद साइकिल से गांव जा रहा था। अहिरी गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द ले जाया गया। डाक्टरों ने गंभीर दशा के चलते प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग में मऊ व अहिरी सीमा पर छोटी नदी है। दोनों ओर ढलान भी है। ढलान के साथ मोड़ भी है। तेज रफ्तार गाड़ियां अक्सर बेकाबू हो जाती हैं। कोई साइन बोर्ड भी नहीं लगा। क्षेत्र के लोग अहिरी मऊ सीमा, सरकारी अस्पताल के पास व महामति प्राणनाथ डिग्री कॉलेज, मऊ पेट्रोल पंप के पास ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

## हरदी कला प्रभारी ने देशी शराब के 21 पाउच समेत किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा प्रभुनाथ सिंह यादव की टीम ने अजय द्विवेदी पुत्र रामसजीवन द्विवेदी निवासी मुरका के कब्जे से 21 पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा प्रभुनाथ सिंह यादव, सिपाही अखिलेश चैहान, चन्दन विश्वकर्मा शामिल रहे।

## चौकी प्रभारी ने वारंटी को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर की टीम ने वारंटी अंतिम पाण्डेय पुत्र भूरा पाण्डेय निवासी भंभई को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर राजोल नागर, सिपाही गजेन्द्र शामिल रहे।

## 21 को बहुजन साथी चलें दिल्ली: संजय



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी के जिला संयोजक संजय सिंह राणा ने 21 जुलाई को भीम आर्मी के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह की अगुवाई में दिल्ली के जंतरमंतर में भीम आर्मी प्रमुख एड चंद्रशेखर आजाद पर हुए आत्मघाती हमले व विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने बहुजन क्रांतिकारी साथियों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग दिल्ली के जंतर मंतर पहुंचे। जंतर मंतर जाने को 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश संपर्क क्रान्ति एक्सप्रेस से सभी लोग रवाना होंगे।

## समाजसेवी शानू गुप्ता ने श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सोमवती अमावस्या पर चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में समाजसेवी/राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता की अगुवाई में व्यापारियों ने हजारों श्रद्धालुओं/कावड़ यात्रियों को हलवा प्रसाद बांटकर फूलों की वर्षा की। सोमवार को चित्रकूट धाम में आस्था से आये लाखों श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में स्नानकर कामदानाथ की परिक्रमा कर मंदिर में मत्था टेका। श्रद्धालुओं की सेवा को रेलवे स्टेशन परिसर में समाजसेवी शानू गुप्ता की अगुवाई में सुनील जायसवाल, विनोद आर्य, सुनील हड्डू गुप्ता, विनोद केसरवानी, शेशू जायसवाल, विष्णु केसरवानी, नंदकिशोर गुप्ता, अशोक देवगन, रविराज अग्रहरि, नारायणदास गुप्ता, सीताराम श्रीवास्तव, रामप्रकाश, शुभम केसरवानी, अमन गुप्ता, तन्नू अग्रहरि, पप्पू साहू, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार, रवि गुप्ता, विक्रम सिंह, राजाराम विश्वकर्मा आदि व्यापारियों ने श्रद्धालुओं को हलवा प्रसाद बांटा।

उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की भी व्यवस्था कर रखी थी। कोई भी श्रद्धालु रेलवे स्टेशन में हलवा प्रसाद से वंचित नहीं रहा।

# सोमवती अमावस्या में आस्था का उमड़ा सैलाब

### डीएम-एसपी ने हेलीकॉप्टर से की श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा- महिलाओं ने की पीपल वृक्ष की पूजा





**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सोमवती हरियाली अमावस्या में डीएम अभिषेक आनंद व एसपी वृंदा शुक्ला ने श्रद्धालुओं पर रामघाट मंदाकिनी किनारे हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की। हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा पहली बार हुई है। सोमवती अमावस्या में श्रद्धालुओं को कई बार जाम का सामना करना पडा।

महिलाओं ने पुत्र व पति की दीघार्यु को लेकर सोमवती अमावस्या पर्व पर पीपल वृक्ष की 108 परिक्रमा लगाकर फेरी चढाई। सोमवार को सोमवती अमावस्या पर कामतानाथ परिक्रमा मार्ग के बगल में खोही से शिवरामपुर रोड पर जाम देखने को मिला। श्रद्धालु एवं स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतें हुई।

सावन की सोमवती अमावस्या पर लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। आस्था की डुबकी मन्दाकिनी में लगाकर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा की। चार से पांच लाख श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। सोमवती अमावस्या पर प्रशासन ने चैकस तैयारी की थी। पूरे मेला क्षेत्र को आठ जोन, 16 सेक्टर में बांटकर मजिस्ट्रेट तैनात किये थे। चार सौ से ज्यादा पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई। दो दिनों के लिए जिले में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है। सदर एसडीएम राज बहादुर सिंह ने बताया कि हेलीकॉप्टर से सवेरे 7.30 बजे से यूपीटी तिराहे से फूलों की वर्षा की गई है। पुष्प वर्षा निमोर्ही अखाड़ा होकर रामघाट मंदाकिनी किनारे तक की गई।

मप्र क्षेत्र के एसडीओपी आशीष जैन ने बताया कि भीड़भाड़ इलाके में सीसीटीवी कैमरे तैनात हैं। मप्र क्षेत्र में चार सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। भरत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास ने बताया कि हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा यहां पहली बार की जा रही है। ये पुष्प वर्षा को लेकर संत समाज उत्साहित है। उप्र के मुख्यमंत्री को संत समाज ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## अमावस्या में महिला व युवक की हुई मौत

चित्रकूट। सोमवती अमावस्या पर कामदगिरि परिक्रमा दौरान झांसी जिले के मऊरानीपुर तहसील के रेवन गांव की 58 वर्षीय महिला की मृत्यु हो गई। परिक्रमा मार्ग में भारी भीड़ व उमस के चलते हार्ट अटैक से मृत्यु हुई है। पुलिस ने अचेत अवस्था मे महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने उसे मृत बताया। इसी क्रम में बांदा के अवंती नगर का युवक प्रद्युम्न कुशवाहा पुत्र रामचन्द्र की मप्र क्षेत्र में नदी में डूबने से मृत्यु हो गई।

# अपर जिला जज ने महिलाओं को दी लाभ की जानकारी

### मऊ में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग तथा अध्यक्ष/जिला जज विष्णु कुमार शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अगुवाई में फारुंख इनाम सिद्दीकी अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने तहसील सभागार मऊ में जिले की महिलाओं के हित संरक्षण व अधिकारों की बाबत विधिक साक्षरता शिविर लगाया। सोमवार को डॉ ज्योति सिंह ने महिलाओं में होने वाले सर्वाईकल कैंसर के बारे में जानकारी दी।

श्रीमती प्रिया माथुर महिला कल्याण अधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई योजना के बारे में बताया। सुश्री मीनू सिंह ने गुड टच- बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम के बारे में बताया। रविशंकर शुक्ला ने मध्यस्थता से पारिवारिक वादों के निस्तारण के बारे में बताया। सुश्री दमयन्ती एड पैनल अधिवक्ता ने दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, बलात्कार, महिलाओं के सम्पत्ति के अधिकार के बारे में बताया। तहसीलदार मऊ ने दैवीय आपदा, सर्पदंश, आकस्मिक दुर्घटना आदि के बारे में मिलने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी। अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुंख इनाम सिद्दीकी ने महिलाओं को मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता, यौन उत्पीड़न से बचाव, घरेलू हिंसा (शारीरिक-मानसिक यातनायें), पीडित क्षतिपूर्ति योजना (जघन्य अपराध, बलात्कार, अपरहरण, हत्या, लैंगिक उत्पीडन), नालसा से तस्करी और वाणिज्यिक एवं शोषित-पीडितों को विधिक सेवायें, महिलाओं को सुरक्षा देने, पुरुषो के समान पारिश्रमिक लाभ आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर मध्यस्थ अधिवक्ता मुन्नालाल चतुर्वेदी, पैरालीगल वालेण्टियर्स आशुतोष सोनी, राजेन्द्र सविता, सुदेश कुमार, आशीष त्रिपाठी, आंगनवाडी कार्यकर्तियां मौजूद रहीं।

## दम्पति के विवाद को पुलिस ने सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस टीम ने एक दम्पति के आपसी विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

सोमवार को राजापुर थाने के हनुमानगंज कस्बा की पार्वती पुत्री राघव सोनकर ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कहा कि पति अनिल पुत्र बच्चा सोनकर निवासी शिवनगर कस्बा मानिकपुर शराब पीकर मारपीट करते हैं। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का वायदा किया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव शामिल रही।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में चालकों-परिचालकों को दिलाई शपथ

### हरी झंडी दिखाकर नेताओं ने वाहन किया रवाना




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाडा के तहत 17 से 31 जुलाई तक गांव-गांव क्षेत्र में जागरूकता को बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के प्रतिनिधि के बतौर मौजूद/ जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल व समाजसेवी शिवाकांत पांडेय ने प्रचार वाहन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

सोमवार को पहाडी ब्लाक मुख्यालय में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला ने नए रोडवेज बस स्टैंड में दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों/परिचालकों को सड़क सुरक्षा के मानकों के पालन की गरज से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की शपथ दिलाई। दूरदराज से आए चालकों/परिचालकों, तीर्थयात्रियों, ग्रामीणों, पर्यटको से यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने एवं आदेशात्मक सड़क चिन्ह, सचेतक, सूचनात्मक सड़क चिन्ह के बारे में जानकारी दी। सभी से अपील किया कि नशे की हालत में वाहन न चलायें। चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यात्रीकर मालकर अधिकारी डॉ संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय अपने एवं परिवार की सुरक्षा को हेलमेट लगायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। निर्धारित गति से वाहन चलायें। ओवरटेक से बचें, सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों का पालन करें।

## बारिश से गंगा-यमुना नदी का बढ़ रहा जलस्तर

**प्रयागराज।** कई राज्यों में हो रही लगातार बारिश एवं छोड़े जा रहे पानी से प्रयागराज में अब बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गंगा-यमुना के जलस्तर में सोमवार को भी वृद्धि जारी रही। बाढ़ की आशंका को देखते हुए लोगों ने पलायन की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को जिला प्रशासन की सूचना के मुताबिक 4 घंटे में गंगा का फाफामऊ में जलस्तर 1 सेंटीमीटर और छतनाग में जलस्तर 4 सेंटीमीटर बढ़ा। जबकि नैनी में यमुना नदी का जलस्तर 11 सेंटीमीटर बढ़ा है। 4 बजे तक गंगा का फाफामऊ में जलस्तर 78.35 मी., छतनाग में जलस्तर 75.17 मी. तथा नैनी में यमुना का जलस्तर 75.67 मीटर रिकॉर्ड किया गया।

# पंकज ने समीक्षा अधिकारी बन जिले का रोशन किया नाम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से सटे बरवारा गांव के जगदीश सिंह के पुत्र पंकज सिंह ने लखनऊ सचिवालय में समीक्षा अधिकारी पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है।

सोमवार को सदर ब्लाक के बरवारा गांव के पंकज सिंह के पिता जगदीश सिंह राजस्व विभाग में लेखपाल हैं। माता मिथिलेश देवी ग्रहणी हैं। पंकज सिंह इकलौते पुत्र व दो सगी बहने हैं। पंकज सिंह ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा शहर के जनसेवा इंटर कॉलेज से की है। उन्होंने इलाहाबाद विद्यालय से बीए एवं परास्नातक शिक्षा प्राप्त करने के बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी को दिल्ली में पांच वर्षों तक पीसीएस मैंस क्वालीफाई किया। अंतिम रूप से चयनित न होने पर पंकज सिंह ने लगातार संघर्ष की बदौलत 2021 की समीक्षा अधिकारी प्रवेश परीक्षा में 35वीं रैंक हासिल कर चयनित हुए। हाल में 13 जुलाई को लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र मिला है। 17 जुलाई से चार अगस्त तक जवाहर भवन लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। अपनी सफलता के प्रति पंकज सिंह ने माता-पिता, छोटी बहन प्रतिभा सिंह और इष्ट मित्रों समेत परिजनों को श्रेय दिया।

## पूर्व मंत्री अनंत कुमार मिश्र केस की सुनवाई टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में पूर्व मंत्री व एन आर एच एम घोटाले में आरोपी अनंत कुमार मिश्र के खिलाफ गाजियाबाद के सीबीआई की विशेष अदालत में चल रहे भ्रष्टाचार के दो मुकदमों की एक साथ सुनवाई करने की मांग में दाखिल याचिका की सुनवाई 2 अगस्त को होगी।

सीबीआई के जवाबी हलफनामे का याची अधिवक्ता ने प्रति जवाब दाखिल करने का समय मांगा। राज्य सरकार की तरफ से अपर शासकीय अधिवक्ता ने कहा जवाबी हलफनामा तैयार है। दो दिन में महानिबंधक कार्यालय में दाखिल कर दिया जायेगा। जिस पर कोर्ट ने 2 अगस्त सुनवाई की तिथि तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजवीर सिंह ने अनंत कुमार मिश्र की याचिका पर दिया है।

# हाईवे की भूमि पर अवैध कब्जेदारों को हटायें, सरकारी कर्मचारी मिलीभगत कर लाखों में खेल रहे



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश मिश्रा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र मे कहा कि गांव के सभी अचक प्लाटों की नाप कराक जिला परिषद की कीमती सडक भूमि जो प्रयागराज राजमार्ग पर है। उसे अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराने को बुलडोजर चलाकर खाली करायें।

सोमवार को बगरेही गांव के समाजसेवी गिरजेश मिश्र ने कहा कि कुछ सरकारी कर्मचारियों ने जिला परिषद के पुराने राजकीय मार्ग की बेसकीमती भूमि बांदा-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे का सौदाकर दिया है। अचक बताकर बिना नापे व पत्थर गाड़े ही काश्तकारों के चकों में समाहित किया है। इससे पता नहीं चलता कि मौजूदा जिला परिषद की सड़क कहां है। वास्तविकता ये है कि राजस्व व चकबंदी अधिकारियों की लापरवाही एवं रुपयों की चकाचैंध में हाईवे की कीमती भूमि की सौदेबाजी कर अतिक्रमण कराकर कच्चे-पक्के घरों का अवैध निर्माण करा दिया। इसे छिपाने को कपोलकल्पित भ्रामक जांच रिपोर्ट पेशकर मामले को निस्तारित करवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हकीकत में अचक प्लाट की नाप कराकर जिला परिषद की कीमती सड़क की भूमि को अवैध कब्जेदारों को चिन्हित कर बुलडोजर चलवाकर खाली कराई जाये।

## बांग्लादेश में नदी में नौका पलटी, चार शव बरामद

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के केरानीगंज उप जिला के तेलघाट क्षेत्र में लगभग 70 से 80 यात्रियों को ले जा रही एक स्टीमर नौका रेतीली चट्टान से टकराकर बूढ़ी नदी में डूब गई। राहत



और बचाव दल ने नदी से चार शव बरामद किए हैं। अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के मुताबिक यह घटना रविवार रात करीब सवा आठ बजे की है। इस नौका के पलटने पर अधिकांश यात्री तैरकर किनारे निकलने में सफल रहे। कुछ लोगों को नदी से जीवित निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से तीन का बेहोशी की हालत में इलाज चल रहा है। मृतकों में एक महिला, दो पुरुष और एक नाबालिग लड़का है। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

## मंदिरों में तोड़फोड़ से लेकर जबरन धर्म परिवर्तन तक, पाकिस्तानी हिंदू समुदाय जर्जर स्थिति में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदू समुदाय दशकों से दबाव में है। उपद्रवियों ने मंदिरों को निशाना बनाया है और युवा हिंदू लड़कियों का जबरन अपहरण कर विवाह किया है। पाकिस्तान सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों और स्वतंत्रता का एम्बेसडर होने का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिखती है। नवीनतम घटना में, कथित लुटेरों के एक गिरोह ने सिंध प्रांत के काशमोर जिले में गुलशन डेरा बाबा सनवाल शाह पर मोर्टार के गोले दागे, जिससे परिसर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने आईएएनएस को बताया कि बदमाशों ने रामदास बघवानो दास, रेहारी कुमारी और अन्य के घरों पर भी गोलीबारी की। इस बीच कराची के सोल्जर बाजार इलाके में अधिकारियों ने कथित तौर पर 150 साल से अधिक पुराने एक हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर दिया है। क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने दावा किया कि विध्?वंस के दौरान सुरक्षा और कवर प्रदान करने के लिए पुलिस मौजूद थी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, मरी माता मंदिर को 14 जुलाई की रात को एक गुप्त ऑपरेशन में ध्वस्त कर दिया गया था। एक स्थानीय निवासी ने कहा, ऑपरेशन तब हुआ जब क्षेत्र में बिजली नहीं थी। तभी खुदाई करने वाले और एक बुलडोजर विध्वंस कार्य को अंजाम देने के लिए पहुंचे। मंदिर की दीवारों और मुख्य द्वार को न छेड़ते हुए उन्होंने अंदर की पूरी संरचना को ध्वस्त कर दिया।

## अमेरिकी वैज्ञानिकों ने खोजा बुढ़ापे को जवानी में बदलने वाला रसायन

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी शोधकर्ताओं ने एक अभूतपूर्व अध्ययन में बुढ़ापा और बुढ़ापे से संबंधित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने कोशिकाओं को युवा अवस्था में पुन-प्रोग्राम करने वाले रसायनों की खोज की है। पहले, यह केवल शक्तिशाली जीन थेरेपी का उपयोग करके ही संभव था। जर्नल एजिंग-यूएस में प्रकाशित निष्कर्ष, इस खोज पर आधारित है कि विशिष्ट जीन की अभिव्यक्ति, जिसे यामानाका कारक कहा जाता है, वयस्क कोशिकाओं को प्रेरित प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल (आईपीएससी) में परिवर्तित कर सकती है। इस खोज ने, जिसने 2012 में नोबेल पुरस्कार जीता, यह सवाल उठाया कि क्या कोशिकाओं को बहुत युवा और कैंसरग्रस्त बनाए बिना सेलुलर उम्र बढ़ने को उलटना संभव हो सकता है। नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने उन अणुओं की जांच की, जो संयोजन में, कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को उलट सकते हैं और मानव कोशिकाओं को फिर से जीवंत कर सकते हैं। उन्होंने युवा कोशिकाओं को पुरानी और वृद्ध कोशिकाओं से अलग करने के लिए उच्च-थ्रूपुट सेल-आधारित परख विकसित की, जिसमें ट्रांसक्रिप्शन-आधारित उम्र बढ़ने वाली घड़ियां और एक रियल टाइम न्यूक्लियोसाइटोप्लाज्मिक प्रोटीन कंपार्टमेंटलाइज़ेशन (एनसीसी) परख शामिल है। रोमांचक खोज में, टीम ने छह रसायनों के मिश्रण की पहचान की जो एनसीसी और जीनोम-वाइड ट्रांसक्रिप्ट प्रोफाइल को युवा अवस्था में पुनत्न बहाल करते हैं और एक सप्ताह से भी कम समय में ट्रांसक्रिप्टोमिक उम्र को उलट देते हैं।

# क्रीमिया ब्रिज पर 2 लोगों की मौत, 1 घायल

**मॉस्को।** रूसी अधिकारियों ने सोमवार को पुष्टि की कि क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस से जोड़ने वाले केर्च ब्रिज पर हुई घटना में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

समाचार एजेंसी के अनुसार, क्रास्नोडार के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने कहा कि सभी सेवाओं के कार्यों के समन्वय और ब्रिज के पास ट्रैफिक जाम में फंसे लोगों की सहायता के लिए क्रास्नोडार क्षेत्र के टेमर्युक जिले में एक परिचालन मुख्यालय स्थापित किया गया था।

इससे पहले दिन में, रूस द्वारा नियुक्त क्रीमिया के प्रमुख सर्गेई अक्स्योनोव ने घोषणा की थी कि 145वें समर्थन स्तंभ के पास एक अनिर्दिष्ट आपातकाल के कारण ब्रिज पर यातायात रोक दिया गया था, लेकिन घटना के कारण का खुलासा नहीं किया था।

अक्स्योनोव ने एक बयान में कहा कि क्रीमिया ब्रिज पर



यातायात रोक दिया गया, क्रास्नोडार क्षेत्र से 145वें सपोर्ट के पास एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हुई। कानून प्रवर्तन एजेंसियां और सभी जिम्मेदार सेवाएं काम कर रही हैं।

बाद में रूसी परिवहन मंत्रालय ने पुष्टि की कि क्रीमिया ब्रिज पर सड़क की सतह क्रीमिया की ओर क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें दावा किया गया था कि समर्थन भी प्रभावित हुआ था।

सरकारी तास समाचार एजेंसी के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि ब्रिज की स्थिति का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि पुल की स्थिति का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार रूसी जांच समिति के जांचकर्ताओं का एक विशेष समूह आपातकाल की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गया है। नदी के किनारे हुए विस्फोट ने न केवल यूक्रेन में रूस के सैन्य प्रयास को झटका दिया, बल्कि मॉस्को के लिए एक मनोवैज्ञानिक झटका और कीव के लिए एक बड़ी प्रचार जीत का प्रतिनिधित्व किया। यूक्रेनी अधिकारियों ने विस्फोट का जश्न मनाया था। यह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 70 वर्ष के होने के एक दिन बाद हुआ था।

## पाकिस्तान में नवंबर में नेशनल असेंबली चुनाव की संभावना

**लाहौर।** पाकिस्तान में नेशनल असेंबली चुनाव नवंबर में होने की संभावना है। यह संकेत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सियालकोट में सरकारी महिला कॉलेज के लैपटॉप वितरण समारोह के संबोधन में दिए। शरीफ ने कहा है कि वह असेंबली का कार्यकाल पूरा होने से पहले अगले महीने कार्यवाहक को बागडोर सौंप देंगे।

उल्लेखनीय है कि मौजूदा नेशनल असेंबली का पांच साल का संवैधानिक कार्यकाल 12 अगस्त की आधी रात को समाप्त होना है। कानून के अनुसार, यदि निर्वाचित सदन पांच साल का अपना संवैधानिक कार्यकाल पूरा कर लेता है तो 60 दिन के भीतर आम चुनाव होते हैं। शीघ्र विघटन के मामले में 90 दिन के भीतर चुनाव होते हैं।



इससे पहले शहबाज ने लाहौर में युवा ऋण वितरण समारोह में कहा कि अगले चुनाव में लोगों का फैसला जो भी होगा, पीएमएल-एन उसे स्वीकार करेगी। प्रधानमंत्री ने नवाज शरीफ के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का भी संकेत दिया है। उन्होंने वादा किया कि अगर नवाज शरीफ दोबारा सत्ता में आए तो चौथी बार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में वह पाकिस्तान को महान बनाएंगे।


## यूक्रेन की ओर से क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल होने पर रूस कर सकता है जवाबी कार्रवाई : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उनके देश के पास क्लस्टर हथियारों का 'पर्याप्त' भंडार है और अगर उनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया जाता है तो वे यूक्रेन के खिलाफ उनका इस्तेमाल करने पर विचार करेंगे। सीएनएन ने स्थानीय रूसी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति के हवाले से कहा, 'रूस के पास विभिन्न प्रकार के क्लस्टर हथियारों की पर्याप्त आपूर्ति है।'

'अगर उनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ किया जाता है, तो हम जवाबी कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।' पुतिन की यह टिप्पणी यूक्रेन को अमेरिका से अमेरिकी निर्मित क्लस्टर हथियारों की डिलीवरी मिलने के कुछ ही दिनों बाद आई है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ये हथियार वर्षों बाद भी बारूदी सुरंगों के विस्फोट करते हैं। इससे दीर्घकालिक खतरा पैदा हो सकता है। क्लस्टर हथियारों से उत्पन्न खतरे ने यूके, फ्रांस और जर्मनी समेत 100 से अधिक देशों को उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाली संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए प्रेरित किया है।

साक्षात्कार में पुतिन ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने क्लस्टर



हथियारों के इस्तेमाल को युद्ध अपराध कहा है और वह उस आकलन से सहमत हैं। राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि रूस ने अभी तक क्लस्टर युद्ध सामग्री का उपयोग नहीं किया है, जबकि मार्च में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि रूसी बलों ने आबादी वाले क्षेत्रों में कम से कम 24 बार क्लस्टर युद्ध सामग्री का उपयोग किया।


इस महीने की शुरुआत में सीएनएन से बात करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि यूक्रेन को क्लस्टर युद्ध सामग्री भेजने का निर्णय बहुत कठिन था। लेकिन उन्होंने ऐसा करने का विकल्प चुना, क्योंकि रूसी सैनिकों को यूक्रेनी क्षेत्र से बाहर धकेलने की अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए कीव को अधिक गोला-बारूद की आवश्यकता है। अमेरिकी रक्षा विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन ने लिखित रूप में आश्वासन दिया है कि वह शहरी क्षेत्रों में क्लस्टर हथियारों का उपयोग नहीं करेगा।

## रूस ने सरकारी अधिकारियों के आईफोन के इस्तेमाल पर लगाया प्रतिबंध

**मॉस्को।**अमेरिका के निगरानी दावों को लेकर रूस ने सरकारी अधिकारियों द्वारा एप्पल आईफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है, मीडिया ने सोमवार को यह सूचना दी।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसएस) ने हजारों अधिकारियों को आईफोन और आईपैड्स जैसे अन्य एप्पल प्रोडक्ट्स का उपयोग बंद करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 17 जुलाई से रूस के व्यापार मंत्रालय के कर्मचारियों को कार्यस्थल पर आईफोन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, मंत्रालयों में सुरक्षा अधिकारियों ने घोषणा की कि आईफोन को अब सुरक्षित नहीं माना जाता है और विकल्प तलाशे जाने चाहिए। अधिकारी मानते हैं कि अमेरिकी वायरटैपिंग के लिए अपने उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि एफएसबी प्रोफेशनल कॉन्टैक्ट्स के लिए आईफ़ोन के इस्तेमाल के बारे में लंबे समय से चिंतित है। मार्च में, क्रेमलिन ने अधिकारियों से एप्पल प्रोडक्ट्स का उपयोग बंद करने को कहा था, क्योंकि



उन्हें डर है कि ये उपकरण अमेरिकी हैकिंग के प्रति संवेदनशील हैं।पिछले महीने, रूसी सरकार ने एप्पल पर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के साथ काम करने का आरोप लगाया था, इस दावे का टेक जायंट ने जोरदार खंडन किया है।एप्पल ने कहा कि कंपनी ने निगरानी के लिए किसी भी एप्पल प्रोडक्ट्स को लेकर कभी भी किसी सरकार के साथ काम नहीं किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रमुख मंत्रालयों और संस्थानों में एप्पल प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध रूसी राज्य संस्थानों के खिलाफ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जासूसी गतिविधि में वृद्धि पर क्रेमलिन और संघीय सुरक्षा सेवा जासूसी एजेंसी में बढ़ती चिंता को दर्शाता है। रोस्टेक के एक प्रतिनिधि ने फाइनेंशियल टाइम्स को बताया कि प्रतिबंध सभी एप्पल डिवाइस पर लागू होते हैं। लेकिन व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए उनके उपयोग की अभी भी अनुमति है।

## कुत्ते को भूखा और जंजीर से बांधे रखने पर ब्रिटिश अदालत ने सुनाई भारतीय को सजा

**लंदन।** इंग्लैंड में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को सात पिल्लों को जन्म देने के बाद अपने कुत्ते को भूखा रखने और जंजीर से बांधने के लिए आठ सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है और 80 घंटे का अवैतनिक काम करने का आदेश दिया गया है। कोवेंट्री टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, 41 वर्षीय गुरमिंदर सिंह को हाल ही में पशु कल्याण अधिनियम के तहत एक अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद सजा सुनाई गई और दो साल के लिए कुत्तों को रखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कोवेंट्री में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सुना कि ब्रिटेन में पशु कल्याण चैरिटी, रॉयल सोसाइटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स (आरएसपीसीए) के एक निरीक्षक ने 12 अक्टूबर, 2022 को सिंह की संपत्ति का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने साशा, एक प्रेसा कैनारियो कुत्ता देखा, जो जंजीर से बंधा हुआ था, उसकी रीढ़, पसलियां और पैल्विक हड्डियां दिखाई देने से साफ पता चल रहा था कि वह काफी कमजोर है। अखबार ने बताया कि उसके सात युवा पिल्ले, जो लगभग तीन सप्ताह के थे, एक जंग लगे लोहे के बक्से में रखे गए थे। आरएसपीसीए निरीक्षक साशा और उसके पिल्लों को चैरिटी के बर्मिंघम पशु अस्पताल में ले गए जहां उनका वजन काफी कम पाया गया और उन्हें इलाज के लिए भर्ती किया गया।

साशा की जांच करने वाले पशुचिकित्सक ने पाया कि साशा का वजन 25.7 किलोग्राम है, जो नस्ल के स्वस्थ औसत वजन 40 किलोग्राम से लगभग आधा है। अदालत को बताया गया कि आरएसपीसीए की देखभाल में रहने के एक महीने के भीतर, साशा का वजन 6 किलो बढ़ गया। अपने बचाव में सिंह ने अदालत को बताया कि वह बुरा नहीं है। उसने कुत्ते के लिए फ्रिज में 222 पाउंड का खाना रखा था, जिसे वह साशा को खिला रहा था। मजिस्ट्रेट ने सजा सुनाते हुए में कहा, 'आप जिम्मेदारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं, आप यहां कोई पश्चाताप नहीं दिखा रहे हैं।

## कंगाल पाकिस्तान विदेशी हाथों में सौंपेगा इस्लामाबाद हवाई अड्डे का संचालन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की आर्थिक हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। इससे निपटने के लिए पाकिस्तान ने इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन विदेशी हाथों में सौंपने का फैसला लिया है। इसके लिए मौजूदा शहबाज शरीफ सरकार अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले कानून बदलने का जा रही है। जानकारी के मुताबिक कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अब वह अपने हवाई अड्डों का संचालन भी नहीं कर पा रहा है। इससे निपटने

कराने का प्रस्ताव किया है। इसके लिए एक कमेटी बना दी गयी है, जो विदेश हवाई अड्डा संचालकों




से बात कर रही है।

पाकिस्तान सरकार इस मसले पर खासा तेज रुख अख्तियार कर रही है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने इस्लामाबाद हवाई अड्डे को विदेशी हाथों में सौंपने के लिए बनाई गई कमेटी के साथ बैठक की। बैठक में पाकिस्तानी वित्त मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन विदेशी एजेंसी को सौंपने की औपचारिकताएं 12 अगस्त तक पूरी कर लें क्योंकि 12 अगस्त पाकिस्तान की मौजूदा सरकार के कार्यकाल का आखिरी दिन है, उसके बाद पाकिस्तान में चुनाव शुरू हो जाएंगे।

बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक संसाधन जुटाने में जुटी पाकिस्तान सरकार को विश्व बैंक के इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन की सलाह पर इस्लामाबाद हवाई अड्डे को विदेशी हाथों में सौंपने का फैसला करना पड़ा। हवाई अड्डे का संचालन विदेशी एजेंसी को सौंपने के लिए कानून में बदलाव किए जा रहे हैं।

पाकिस्तानी वित्त मंत्री ने यह भी इच्छा व्यक्त की है कि इस महीने के अंत तक नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिल जानी चाहिए, ताकि 12 अगस्त के पहले सभी औपचारिकताएं पूरी करने की राह में कोई बाधा न आए।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## नेपाल में चीनी नेताओं के दौरे बढ़े, सीपीसी की एक टीम 23 जुलाई को आएगी

**काठमांडू।** नेपाल में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) नेताओं के दौरे बढ़ते जा रहे हैं। हर महीने सीसीपी नेता विभिन्न माध्यमों से नेपाल का दौरा कर रहे हैं। अब फिर सीपीसी की एक टीम 23 जुलाई को नेपाल का दौरा करने आ रही है। नेपाली संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी माओवादी केंद्र सरकार का नेतृत्व कर रही है। इसके चलते सीपीसी की सक्रियता बढ़ गई है।

सीपीसी नेता तू ज़ियाओलिन के नेतृत्व में 12 जुलाई को एक टीम ने नेपाल का दौरा किया था। टीम ने चीनी बुनियादी ढांचा परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) से संबंधित एक कार्यक्रम में भाग लिया।ज़ियाओलिन ने कहा कि बीआरआई नेपाल में पहले ही लागू हो चुका है, जबकि नेपाल सरकार कहती रही है कि इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने चीन के करीबी संगठन थिंक टैंक के साथ बैठक की।




सीपीसी के एशिया ब्यूरो के उप महानिदेशक सुमिन के नेतृत्व में 16 जून को एक टीम नेपाल आई। टीम ने प्रधान मंत्री प्रचंड, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और नेपाल के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। पोखरा में 23 जून को आयोजित नेपाल चीन मैत्री ड्रैगन बोट रेस महोत्सव में भाग लेने के लिए चीनी नेताओं से लेकर खिलाड़ी तक आए। वे चार्टर्ड विमान से पोखरा उतरे और महोत्सव में भाग लिया। सीपीसी सिचुआन प्रांत के सचिव वांग शियाओहुई के नेतृत्व में 30 मई को14 लोगों की एक टीम ने नेपाल का दौरा किया। टीम ने नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड और माओवादी केंद्र के अन्य नेताओं से मुलाकात की। अब फिर सीपीसी की एक टीम 23 जुलाई को नेपाल का दौरा करने आ रही है। नेपाल में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार के नेतृत्व के दौरान चीनी नेताओं के दौरे बढ़ने से चीन की गतिविधियां भी बढ़ी हैं।

अतीत में जब सीपीएन-यूएमएल और सीपीएन-माओवादी केंद्र में एकजुट थे, तब भी सीपीसी के उच्च स्तरीय नेताओं ने दौरा किया था। 2017 में सीपीसी नेता कुआ याचो के नेतृत्व में एक टीम नेपाल आई थी, तब यूएमएल और माओवादियों के बीच एकता की पहल हुई थी। टीम ने प्रचंड और ओली दोनों से मुलाकात की थी। इसके बाद एकता से सीपीएन का गठन हुआ था।

सीपीसी नेता कुआ याचो 20 21 में फिर से नेपाल आय थे। उन्होंने प्रचंड और ओली से मुलाकात की और सीपीएन के विभाजन को रोकने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। सीपीएन ने सीपीसी के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण भी आयोजित किया था। सीपीसी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के प्रमुख टोंग साओ भी उस समय काठमांडू आए थे। शी जिनपिंग विचारधारा पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। नेपाली संसद में कम्युनिस्ट पार्टियां दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। तीसरी सबसे बड़ी पार्टी माओवादी केंद्र सरकार का नेतृत्व कर रही है। इसके चलते सीपीसी की सक्रियता बढ़ गई है।

## एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 29 फीसदी बढ़कर 12,370 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े कर्जदाता एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। बैंक का मुनाफा जून तिमाही में 29.13 फीसदी बढ़ कर 12,370.38 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 9,579.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में उसका मुनाफा 29.13 फीसदी बढ़कर 12,370.38 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 9,579.11 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। हालांकि, पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 12,594.47 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में एचडीएफसी की कुल आय बढ़कर 61,021 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 44,202 करोड़ रुपये रही थी।

इस दौरान बैंक का परिचालन खर्च बढ़ कर 15,177 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,355 करोड़ रुपये था।एचडीएफसी ने जारी बयान में कहा कि 30 जून, 2023 तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 1.17 फीसदी रही है, जबकि मार्च तिमाही के अंत में यह 1.12 फीसदी और एक साल पहले की समान तिमाही में 1.28 फीसदी थी।